

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 15 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-198 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 अक्टूबर 2023 रू. 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# कांग्रेस ने पहली सूची में काटे 8 विधायकों के टिकट

## 30 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा

## रमन सिंह के मुकाबले गिरीश देवांगन को उतारा



रायपुर,15 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

लंबे इंतजार के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है. जिसमें 30 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है. पहले चरण की 19 सीटों के साथ अन्य 11 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा हो गई है. जारी सूची के मुताबिक 5 नए चेहरों को मौका दिया गया है और 8 विधायकों की टिकट कटी है. वहीं जगदलपुर सीट के लिए नाम अभी नहीं आया है.

नवागढ़ से गुरु दयाल सिंह के बदले मंत्री गुरु रुद्र कुमार को टिकट दी गई है. पंडरिया से ममता चंद्राकर के बदले नीलकंठ चंद्रवंशी को मौका मिला है. वहीं कवर्धा से मंत्री मोहम्मद अकबर रिपीट किए गए हैं. साथ ही खैरागढ़ यशोदा वर्मा, डोंगरगांव से दलेश्वर साहू, मोहला-मानपुर से इंद्र शाह मांडवी, भानुप्रतापपुर से सावित्री मांडवी, केशकाल से संत राम नेताम, कोंडागांव से मोहन मरकाम, नारायणपुर से चंदन कश्यप, बस्तर से लखेश्वर बघेल, बीजापुर से विक्रम मांडवी और कोंटा से कवासी लखमा को रिपीट किया गया है.

वहीं डोंगरगढ़ से भुनेश्वर बघेल के बदले हर्षिता बघेल को टिकट दिया गया है. राजनांदगांव से गिरीश देवांगन को मौका मिला है. खुज्जी से छन्नी साहू का टिकट कटा है. उनके बदले भोला राम साहू को प्रत्याशी बनाया गया है. अंतगढ़ से अनूप नाग का टिकट काटकर रूप सिंह को दिया गया है. कांकेर शिशुपाल सोरी की जगह शंकर धुर्व को प्रत्याशी बनाया है. चित्रकोट से विधायक राजमन बेंजाम की जगह सांसद दीपक बैज को टिकट मिली है.

### सीएम भूपेश का ट्वीट

छत्तीसगढ़ महतारी का मिला आशीर्वाद अब क्षेत्र की जनता भी देगी आशीर्वाद विधानसभा चुनाव 2023 के लिए आज नवरात्रि के प्रथम दिन, शुभ अवसर पर प्रत्याशियों की सूची जारी हुई है. सभी प्रत्याशियों को ढेर सारी शुभकामनाएं. पाटन विधानसभा से पुनः मौका देने के लिए नेतृत्व का आभार.

इसके अलावा अंबिकापुर से मंत्री टीएस सिंहदेव रिपीट किए गए हैं. साथ ही सीतापुर से मंत्री अमरजीत भगत, खरसिया से मंत्री उमेश पटेल, कोरबा से मंत्री जयसिंह अग्रवाल, सक्ती से चरणदास महंत, आरंग से शिवकुमार डहरिया, डौंडी लोहारा से मंत्री अनिल भेड़िया, पाटन से सीएम भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण से मंत्री ताम्रध्वज साहू और साजा मंत्री रविन्द्र चौबे रिपीट किए गए हैं.

पिछले चुनाव में अच्छी जीत के बाद भी कटी टिकट

नवागढ़ से विधायक रहे गुरुदयाल सिंह बंजारे ने 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को 33,200 वोटों से हराया था । पंडरिया विधानसभा से विधायक ममता चंद्राकार ने बीजेपी के प्रत्याशी को 36,487 वोटों से शिकस्त दी थी । डोंगरगढ़ विधानसभा से भुवनेश्वर सिंह बघेल ने बीजेपी प्रत्याशी को 35,000 वोटों से हराया था । वहीं खुज्जी विधानसभा से छन्नी साहू ने बीजेपी प्रत्याशी को 27,497 वोटों के अंतर से शिकस्त दी थी । अंतागढ़ से विधायक अनूप नाग ने बीजेपी प्रत्याशी को 13,414 वोटों से शिकस्त दी थी । कांकेर विधानसभा से शिशुपाल शोरी ने बीजेपी के उम्मीदवार को 19804 वोटों से हराया था । चित्रकोट से उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजमन बेंजाम ने 17862 वोटों से बीजेपी प्रत्याशी को हराया । वहीं दंतेवाड़ा से देवती कर्मा ने भी उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को 11 हजार वोटों से शिकस्त दी थी ।

1. 10 अंबिकापुर त्रिभुवनेश्वर शरण सिंह देव (टी.एस. सिंह देव)
2. 11 सीतापुर-एसटी अमरजीत भगत
3. 18 खरसिया उमेश पटेल
4. 21 कोरबा जय सिंह अग्रवाल
5. 35 सक्ती डॉ. चरण दास महंत
6. 52 आरंग - एससी डॉ. शिवकुमार डहरिया
7. 60 डोंडी लोहारा - एसटी श्रीमती अनिता भेंड़िया
8. 62 पाटन भूपेश बघेल
9. 63 दुर्ग-ग्रामीण ताम्रध्वज साहू
10. 68 साजा रवींद्र चौबे
11. 70 नवागढ़-एससी गुरु रुद्र कुमार
12. 71 पंडरिया नीलकंठ चंद्रवंशी
13. 72 कवर्धा मोहम्मद अकबर
14. 73 खैरागढ़ श्रीमती। यशोदा वर्मा
15. 74 डोंगरगढ़ - एससी श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल
16. 75 राजनांदगांव गिरीश देवांगन
17. 76 डोंगरगांव दलेश्वर साहू
18. 77 खुज्जी भोला राम साहू
19. 78 मोहला-मानपुर-एसटी इंद्रशाह मंडावी
20. 79 अंतागढ़ - एसटी रूप सिंह पोटाई
21. 80 भानुप्रतापपुर - एसटी श्रीमती सावित्री मंडावी
22. 81 कांकेर - एसटी शंकर ध्रुव
23. 82 केशकाल - एसटी संत राम नेताम
24. 83 कोंडागांव - एसटी मोहन लाल मरकाम
25. 84 नारायणपुर - एसटी चंदन कश्यप
26. 85 बस्तर - एसटी लखेश्वर बघेल
27. 87 चित्रकोट - एसटी दीपक बैज
28. 88 दंतेवाड़ा - एसटी के छविंद्र महेंद्र कर्मा
29. 89 बीजापुर - एसटी विक्रम मंडावी
30. 90 कोंटा - एसटी कवासी लखमा

## 'मैं राजनांदगांव का भांजा हूं, नजदीक है दशहरा'



रायपुर,15 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

कांग्रेस पार्टी ने गिरीश देवांगन को हाई प्रोफाइल राजनांदगांव सीट से प्रत्याशी बनाया है. गिरीश देवांगन ने चर्चा में डॉ. रमन सिंह से मुकाबले पर कहा कि भगवान राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं. मैं राजनांदगांव का भांजा हूं, दशहरा नजदीक है.

खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पत्रकारों से चर्चा में कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से राजनांदगांव में पूर्व सीएम को हराएंगे. ब्लॉक स्तर से लेकर युवा कांग्रेस तक हर तरह की जिम्मेदारी का निर्वहन किया हूं. कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं की पहचान की है. उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के खिलाफ यह चुनाव है, जिन्होंने 15 साल तक किसानों के साथ धोखा किया है. किसान विरोधी नीतियों के चलते हजारों किसान ने आत्महत्या की. 2013 और 2018 के चुनाव में किसानों को बोनस देने की बात कही थी, लेकिन नहीं दिया. यह उनका किसान विरोधी चहरा बताता है. पूर्व मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में विकास नहीं के बराबर है. राजनांदगांव के सर्वांगीण विकास के लिए यह चुनाव लड़ेंगे और जीत कर आएंगे. गिरीश देवांगन ने कहा कि भाजपा धान खरीदी में हमेशा अडंगा लगती है. धान खरीदी का काम छत्तीसगढ़ की सरकार करती है. अब तक पहले साल के बोनस को मिलाकर 332 करोड़ रुपए अतिरिक्त समर्थन मूल्य किसानों को दी जा चुकी है. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है, उनके हित के लिए काम कर रही है.

## दूसरी सूची 18 या 20 अक्टूबर को होगी जारीः बैज

**रायपुर,15 अक्टूबर।** कांग्रेस की दूसरी सूची 18 या 20 अक्टूबर को जारी होगी. इसके लिए 17 अक्टूबर को बैठक होगी, जिसके बाद सूची जारी करना हाईकमान के हाथ में है. यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कही. कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा में पहली सूची में पहले चरण के साथ दूसरे चरण के लिए घोषित पार्टी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्याशी ऐतिहासिक मतों के साथ जीतकर आएंगे. पहले चरण की ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे.सात विधायकों की टिकट काटे जाने पर बैज ने कहा कि सीईसी-हाई कमान ने निर्णय लिया है. और जो निर्णय लिया गया है, वह हम सबको स्वीकार है. नवागढ़ सीट पर वर्तमान कांग्रेस विधायक का टिकट काटे जाने पर बैज ने कहा कि एक-एक सीट पर



चर्चा कर फैसला लिया है. हाई कमान का निर्णय सबके लिए स्वीकार्य है, और कहीं नुकसान नहीं होगा. वहीं जगदलपुर सीट से प्रत्याशी घोषित नहीं किए जाने के सवाल पर कहा कि इसके लिए मंथन जारी है.

चित्रकोट से पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि हाईकमान का निर्णय सर्वोपरी है. मैने पहले ही चित्रकोट की जनता से पहले ही कहा चुका हूं कि चाहे मुझे टिकट मिले या नहीं मिले. यहां से जिस कांग्रेस प्रत्याशी को टिकट मिले, उसे ऐतिहासिक मतों से जिताना है. उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते मेरे पर बस्तर के पूरे 12 सीटों के अलावा बाकी क्षेत्र की भी जिम्मेदारी है. इसलिए नामांकन भरने के बाद मैं चित्रकोट विधानसभा में प्रचार करने के लिए नहीं जाऊंगा. हमारे कार्यकर्ता और जनता चुनाव लड़कर, जीताकर देगी.

कांग्रेस की पहली सूची में महज चार महिला प्रत्याशियों को जगह दी गई है. ऐसे में महिलाओं की संख्या कम होने के सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि महिलाओं की संख्या कम नहीं होगी, दूसरी लिस्ट आने दीजिए. हमारी प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी कहा है कि महिलाओं की अच्छी भागीदारी होगी.

## धर्मांतरण के कारण आरक्षण का हो रहा दुरुपयोग, डी-लिस्टिंग जरूरी : बृजमोहन

रायपुर,15 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



भाजपा के वरिष्ठ नेता और रायपुर दक्षिण से पार्टी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि राज्य में सतनामियों, आदिवासियों सहित ओबीसी में धर्मान्तरण के बढ़ते मामलों के कारण आरक्षण में डी-लिस्टिंग करना बहुत जरुरी हो गया है ताकि उनके आरक्षण का लाभ दूसरे धर्म वाले न उठा सकें। उन्होंने कहा है कि हमारे संविधान में किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति के कारण ही आरक्षण तथा सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है ताकि उसकी जाति का सामाजिक-आर्थिक विकास हो सके। लेकिन जब कोई व्यक्ति धर्म बदलने के कारण अपनी जाति छोड़ देता है तो ऐसे में उसे आरक्षण मिलते रहने से उसकी जाति का विकास कैसे हो पायेगा? बृजमोहन अग्रवाल ने धर्मांतरण के बढ़ते मामलों के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जो लोग धर्मान्तरित होकर अपनी जाति, अपने रीती-रिवाजों, परम्पराओं, मान्यताओं को छोड़ चुके हैं। उन्हें इनके हिस्से के आरक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ लेते रहने का अधिकार नहीं है। इसलिए ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें आरक्षण के लाभ से वंचित करना जरुरी है।उन्होंने बीरनपुर की सांप्रदायिक हिंसा में युवक की निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकारी छात्र-छाया मिलने के कारण ही धर्मान्तरण को बढ़ावा मिल रहा है. कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गाँधी और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को जवाब देना चाहिए कि देश में जहाँ-जहाँ उनकी सरकार रहती है वहां-वहां धर्मान्तरण की घटना में वृद्धि क्यों हो जाती है? छत्तीसगढ़ के शांत स्वभाव वाले आदिवासी समाज में धर्मान्तरण ने जहर घोल दिया है। धर्म बदलने वालों के शव को दफनाने को लेकर हिंसक झड़पें हो जाती है।



## राखड़ लोड ट्रक से 200 पेटी शराब जब्त

दुर्ग,15 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिला दुर्ग में नशे के खिलाफ मुहिम चलाने एवं अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/उप पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग (भापुसे) के द्वारा अवैध शराब की पतासाजी कर कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिषेक झा (रापुसे) एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर (रापुसे) के मार्गदर्शन में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, निरीक्षक संतोष मिश्रा व थाना प्रभारी पुरानी भिलाई निरीक्षक मनीष शर्मा के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना की एक संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही हेतु लगाया गया था।

टीम द्वारा अवैध शराब के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी सूचना तंत्र भी लगाए गए थे। क्षेत्र के पूर्व के आदतन शराब के अवैध कारोबारियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा था इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि 10 चक्का ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी एम 8512 में कुछ लोग मध्यप्रदेश की ओर से भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर लाए हैं जिसे ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज इंजीनियरिंग पार्क के एरिया में किसी बंद फैक्ट्री में ट्रक को छिपाकर रखे हैं कि सूचना पर टीम द्वारा इंजीनियरिंग पार्क क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अंततः इंजीनियरिंग पार्क स्थित जय पार्वती इंडस्ट्रीज के बगल में बंद पड़ी एक गोडाउन में उक्त ट्रक अंदर खड़ा दिखाई दिया। गेट में अंदर से ताला लगा हुआ था जिससे टीम द्वारा अंदर जाकर देखने पर ट्रक में दो व्यक्ति बैठे मिले जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम गणेश कुमार पिता देवीदास झुराड़े निवासी यवतमाल महाराष्ट्र व आसिफ सैयद निवासी नागपुर का होना बताए। जिनसे ट्रक में भरे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर राखड़ भरा होना जिसे उक्त गोडाउन में खाली करने आना बताए। उक्त व्यक्तियों से सघन एवं तथ्यात्मक पूछताछ करने पर व उक्त ट्रक की तलाशी करने पर ट्रक के डाला में मात्र 06 फीट के एरिये में राखड़ भरा होना और डाला के शेष एरिया में अवैध शराब की पेटियां भरी हुई मिली। इस कार्रवाई में सीएसपी छावनी आशीष बंछोर, एसीसीयू प्रभारी नरेश पटेल, संतोष मिश्रा, भिलाई - 3 टीआई मनीष शर्मा के नेतृत्व में टीम बनाई गई थी कार्रवाई में एसीसीयू से सउनि शमित मिश्रा, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र मढ़रिया, सगीर खान, आरक्षक अरविंद मिश्रा, अमित दुबे, राकेश चौधरी, रिंकु सोनी, भावेश पटेल, रमेश पाण्डेय, नितिन सिंह, समेत भिलाई तीन थाने के प्रधान आरक्षक राकेश सिंह, आरक्षक संदीप सिंह, कृष्णा सिंह, हरिश राव का अहम योगदन रहा है

### नाम आरोपी

01 गणेश कुमार पिता देवीदास झुराड़े उम्र 36 साल साकिन ग्राम वनी शास्त्री नगर यवतमाल महाराष्ट्र

02 आसिफ सैयद पिता मूर्तजा सैयद उम्र 44 साल साकिन ताजबाग दरगाह के पीछे शहंशाह चौक नागपुर

## कुरुद में पूर्व विधायक के बेटे की हत्या, पत्नी भी घायल

**धमतरी,15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पूर्व विधायक के बेटे की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। इसके साथ ही बदमाशों ने उनकी पत्नी के साथ भी जमकर मारपीट की है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। घटना कुरुद से लगे ग्राम मरौद की है। बताया जा रहा है कि आज रविवार को तकरीबन आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश पूर्व विधायक सोम प्रकाश गिरी के बेटे चंद्रशेखर गिरी के घर घुसे। बदमाशों ने चंद्रशेखर गिरी पर हमला कर दिया। पति को बचाने के लिए पत्नी बीच में आई तो बदमाशों ने उसकी भी पिटाई कर दी। हमले में चंद्रशेखर गिरी गंभीर रुप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि की। मामले में पुलिस ने अपराध कायम कर जांच शुरु कर दी है। घटना से नाराज कुछ लोगों ने थाना के बाहर धरना दे दिया।

उधर इस मामले में पूर्व मत्री ट्वीट कर कहा कि भाजपा कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी के ऊपर पहले भी हमला हुआ था लेकिन पुलिस उन हमलावरों को गिरफ्तार नहीं की। चंद्राकर ने एसपी और एसडीओपी को हटाने की मांग की है।

ट्वीट कर उन्होंने कहा, मेरे विधानसभा क्षेत्र कुरुद जिला धमतरी के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी की आज जघन्य हत्या कर दी गई, इसके पहले भी उनके ऊपर प्राण घातक हमला हुआ था पर पुलिस ने उन हमलावरों को आज तक गिरफ्तार नही किया थाज अरारी फरारी दिखाती रही। आगे चुनाव में पुलिस के संरक्षण में और भी हत्या हो सकती है। निष्पक्ष चुनाव के लिए SP, SDOP और कुरुद विधानसभा के सभी थानेदारों को हटाया जाए और सभी बूथ को अति संवेदनशील घोषित किया जाए।

## पुलिस ने 93 लाख के स्वर्ण आभूषण किए जब्त

**बिलासपुर,15 अक्टूबर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन से 93 लाख के गोल्ड और अन्य ज्वेलरी जब्त किया है. एक दिन पहले कोतवाली में एक व्यक्ति के पास से 5,61,000 रुपए बरामद किया गया था. पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है. निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद आईजी रेंज बिलासपुर अजय यादव और पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 14 स्थानों पर आकस्मिक चेकिंग पॉइंट लगाया गया. जहां थाना सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप आर्य के नेतृत्व में देवकीनंदन चौक में चेकिंग पॉइंट में जांच के दौरान एक निजी वाहन से 93 लाख रुपये मूल्य के सोने और



अन्य आभूषण मिले. इसके संबंध में मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज पेश न करने पर जब्त कर लिया गया है. इतना ही नहीं जिले के कई स्थानों में चेकिंग के दौरान पदनाम पट्टिका, शराब सेवन कर गाड़ी चलाने आदि पर कार्रवाई की गई. अभियान लगातार जारी रहेगा. वहीं इस कार्रवाई के एक दिन पहले कोतवाली में एक व्यक्ति के पास से 5,61,000 रुपए बरामद किया गया, जिसका वैध दस्तावेज न होने से जब्त किया गया था.

## संक्षेप



### मां शैलपुत्री

आज यानी 15 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है. नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है. मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं. मां शैलपुत्री के मंत्रों का जाप करने से व्यक्ति प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता है. इसके जाप से व्यक्ति में धैर्य और इच्छाशक्ति की वृद्धि होती है.

### सनातन प्रेमी होने का ढोंग कर रही कांग्रेस : साव

**रायपुर,15 अक्टूबर।** कांग्रेस की पहली सूची जारी होने को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस पर वार किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नवरात्रि के पहले दिन सूची जारी कर अपने आपको सनातन प्रेमी होने का ढोंग कर रही है. जबकि सनातन प्रेमियों से घृणा करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है. अरुण साव ने कहा कि पार्वती मईया के साथ अभद्रता का मामला हो, मोहला मानपुर, बिरनपुर की घटना हो, बिरनपुर मामलें में न्यायलय का जो फैसला आया हो, ये सब बताता है कि कांग्रेस ने सनातन से हमेशा घृणा की है. साव ने कहा कि कांग्रेस को अपने 8 विधायकों की टिकट काटनी पड़ी है. जो ये बताता है कि सरकार ने प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं किया और उसका ठीकरा विधायकों पर फोड़ने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वालों को कांग्रेस ने फिर से प्रत्याशी बनाकर बता दिया कि वे आगे भी भ्रष्टाचार करना चाहेंगे. लेकिन जनता इनको सबक सिखाने के लिए तैयारी है.

### सीमेंट से भरे ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा

**बिलासपुर,15 अक्टूबर।** रविवार गांधी चौक के पास भीषण सड़क हादसा हो गया है। जहा सीमेंट से भरी ट्रक के ठोकर से साइकल सवार 52 वर्षीय व्यक्ति कि मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि देवरीखुर्द निवासी ऋषि गुज्जर रोज कि तरह अपने घर से साइकल में सवार गोलबाजार स्थित एक निजी होम्योपैथिक क्लीनिक जाने घर से निकला था। जहा करीब 11 बजे वह गांधी चौक पहुंचा था। उसी बीच ट्रक क्रमांक सीजी 10 ए एल 9807 ने पीछे से रौंदते हुए निकल गया। जिससे ऋषि गुज्जर का कमर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे वहा मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल 112 को सूचना दी। जिन्होंने तत्काल ही ऋषि गुज्जर को गंभीर अवस्था में सिम्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके डेड बॉडी को सिम्स शव गृह में रखा गया है। वही सिटी कोतवाली पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। वही घटना के बाद से फरार ट्रक के ड्राइवर कि तलाश की जा रही है।

### शराबी पत्नी की हत्या

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही.** नवरात्रि के पहले दिन गौरेला से सटे ग्राम पंचायत देवरगांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक पति ने मार-मारकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है. मामला गौरेला थाना क्षेत्र के धौरामूढ़ा गांव का है. गौरेला थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि देवरगांव धौरामूढ़ा निवासी 45 वर्षीय कुंवर सिंह और उसकी पत्नी 37 वर्षीय केवलवती के बीच शनिवार रात में भोजन को लेकर जमकर झगड़ा हुआ था. झगड़ा इतना बढ़ गया कि पति ने तैश में आकर घर में रखे लकड़ी के बैट से पत्नी को इतना मारा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

**एक नजर**

## बाबा दरबार में नवरात्रि पर जगमगाएंगे आस्था के ज्योत



**उतई, 15 अक्टूबर।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस साल भी बड़े धुम धाम के साथ मनाया जाएगा कुंवार नवरात्रि पर्व इस दरबार में कुंवार एवं चैत्र नवरात्रि दोनों पर्व पर भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति जलाया जाता है 15 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12बजे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके घट स्थापना करके नंदपंण्डा मनोज पटेल गज्जू रायपुरीया बबलू साहू गुलाब साहू मनसुखा साहू विनोद साहू राजू यादव जी के द्वारा चकमक के चिंगारी से ज्योति प्रज्वलित किया जाएगा 19 अक्टूबर गुरुवार को रात्रि 8 बजे पंचमी माता रानी का विशेष सिंगार किया जाएगा एवं 21अकटूबर शनिवार को रात्रि 7बजे से जय मां चन्द्रहासनी जस एवं फाग परिवार गांव कातलवाही धर्म नगरी डोंगरगढ़ वाले के मंडली द्वारा माता सेवा एवं 22 अक्टूबर रविवार को शाम 4 बजे से महाष्टमी हवन का कार्यक्रम एवं 23 अक्टूबर सोमवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा गली भ्रमण दरबार से शुरू होकर बाजार चौक मेन गली शितला पारा होते हुए शितला तालाब पहुंचे गा एवं उसी तालाब में ज्योति विसर्जन किया जाएगा हर रोज रात्रि 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक माता सेवा गुलाब साहू एवं हेमंत तेली भजन गायक एवं जस गीत के मंडली द्वारा यह जानकारी दरबार प्रति नीधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी ।

## बोरिया गेट के पास से ट्रक चोरी

**भिलाई, 15 अक्टूबर।** भिलाई बीते सात से नौ अक्टूबर के बीच बीएसपी को बोरिया गेट के पास खड़ी एक ट्रक चोरी हो गई। शुक्रवार को ट्रक मालिक ने भट्ठी थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस जांच में जुटी हुई है, लेकिन अब तक चोरी की गाड़ी और आरोपित के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-दो निवासी शिकायतकर्ता भागचंद ने बीते 14 सितंबर को ग्राम कोलयारी थाना सिंघनपुरी जंगल जिला कबीरधाम निवासी राम अवतार साहू से उसकी ट्रक क्रमांक सीजी-08 एए 1706 को इकरारनामा के तहत खरीदा था। उसने सात अक्टूबर की रात को ट्रक को बोरिया मार्केट की पार्किंग में खड़ा किया था। नौ अक्टूबर को वह बोरिया मार्केट में गया और देखा तो उसका ट्रक वहां से गायब था चोरी गए ट्रक की तीन लाख रुपये आकी गई है। ट्रक का सुराग तलाशने के लिए पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी है ।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में इग्नाइट रिवर्स मेंटरिंग एक्सीलेंस प्रोग्राम का समापन

**भिलाई, 15 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केन्द्र (बीएमडीसी) द्वारा, विगत दिनों बीएमडीसी में, एक्सचेंज इग्नाइट इंटरजेनरेशनल ग्रोथ, नेटवर्किंग एंड इनोवेशन थ्रू एक्सचेंज' नामक रिवर्स मेंटरिंग एक्सीलेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार थे। इस दो दिवसीय रिवर्स मेंटरिंग प्रोग्राम का उद्देश्य, एक सफल रिवर्स मेंटर बनने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना और मेंटी-मेंटर की अपेक्षाओं को पूरा करना था। भिलाई इस्पात संयंत्र में, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए इस डिजिटल दुनिया में बदलती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए कनिष्ठ अधिकारियों द्वारा, जोकि नई प्रौद्योगिकियों के प्रति अधिक ग्रहणशील हैं, के मार्गदर्शन के माध्यम से रिवर्स मेंटरिंग प्रक्रिया शुरू की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन संगठन में क्रॉस-फंक्शनल सहयोग और समझ को बढ़ावा देने और अपने अधिकारियों के बीच नेतृत्व कौशल को बढ़ाने के लिए, नियमित रूप से इसी तरह के प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।

## व्यय प्रेक्षक ने सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस डॉ. ललिता कुमारी एवं आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे ने सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के आवश्यक दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी।

# स्कार्पियो से 10 लाख 96 हजार रुपए जब्त

### मुंगेली मार्ग के महका बैरियर में शाम 5 बजे वाहन जांच के दौरान नगद राशि मिली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 15 अक्टूबर ।** कबीरधाम जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निवार्चन कार्य संपादित करने के लिए बनाई गई स्थैतिक निगरानी दल में कवर्धा-मुंगेली मार्ग पर ग्राम महका बैरियर पर बड़ी कार्यवाही की है। स्थैतिक दल ने कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महका चेक पोस्ट पर स्कार्पियो वाहन क्रमांक छ्त्र 10ट्ठ 5194 में जांच के दौरान 10 लाख 96 हजार 675 रुपए नगदी जब्त किया है। पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि 10 लाख से अधिक रकम होने पर इन्कम टैक्स विभाग द्वारा इस पूरे प्रकरण की जा जाएगी। पंडरिया विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम श्री संदीप ठाकुर ने बताया कि वाहन चालक प्रमोद कुमार है। वाहन में ड्राइवर के अलावा दो अन्य दिनेश कौशिक और राजेश गुप्ता बैठे हुए थे। प्रारंभिक जांच के वाहन चालक द्वारा कवर्धा से बिलासपुर जाने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में कवर्धा एवं पंडरिया में विधानसभा आम निर्वाचन संपादित करने के लिए जिले के विभिन्न मार्गों में स्थैतिक निगरानी दल स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया जो चेकपोस्ट में 24 घंटे तैनात है।विधानसभा आम निर्वाचन 2023 विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया व 72 कवर्धा के दौरान कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया है। स्थैतिक निगरानी दल निर्वाचन प्राक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में अत्याधिक प्रचार व्यय, रिश्वत के रूप में नगद या वस्तु वितरण, अवैध शस्त्रों, गोला, बारूद, शराब वितरण या परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखेगी। स्थैतिक निगरानी दल 24 घंटा कार्यरत रहेंगे। इसमें 03 पाली सुबह 06 बजे से 02 बजे, दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे और रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक टीम में एक अधिकारी और 02 पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात है। स्थैतिक निगरानी दल चेकपोस्ट कापादाह, महका, कुकदूर, चिल्फी, दशरंगपुर, खारा और बिड़ोरा में तैनात है।

## निर्वाचन कार्य का जिम्मेदारी से निर्वहन करें: कलेक्टर

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी के संबंध में आज जिला पंचायत सभाकक्ष रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए, पहले से ही पूर्व तैयारी रखें। निर्वाचन कार्य का जिम्मेदारी से सावधानीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्रों का पुनरू अवलोकन कर लें ।

# एसएसपी ने अधिकारियों की बैठक ली



**भिलाई, 15 अक्टूबर।** भिलाई दुर्ग जिले का चार्ज लेते ही एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली उन्होंने अनुविभागवार से चर्चा की जिले के विधानसभा और उनके बूथों की जानकारी ली बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से भी चर्चा की उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाना उनकी पहली प्राथमिकता है इसके अलावा घटित होने वाले अपराध के त्वरित निराकरण और बदमाशों पर नकेल भी कसा जाएगा, ताकि जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि वर्तमान में दुर्ग जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है शासन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसका अच्छे से निर्वहन करेंगे उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कहीं भी अवैध शराब या प्रभोलित करने वाले सामान के बारे में जानकारी मिलेगी तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी साथ ही कहा कि आम जनता के बीच पुलिस की पहुंच भी बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाएगा, ताकि आम लोगों को अपनी शिकायत पुलिस तक पहुंचाने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने ये भी कहा कि अभी ये प्रारंभिक बैठक थी, जिसमें सभी से शुरुआती जानकारी ली गई है इसके बाद लगातार सभी अनुविभाग, थाना व चौकी क्षेत्र में जानकारी लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि चुनाव के दौरान कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो ।

## व्यय प्रेक्षकों ने एमसीएमसी का किया अवलोकन

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस डॉ. ललिता कुमारी एवं आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) का अवलोकन किया।

दोनों व्यय प्रेक्षक ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के तहत स्थापित इलेक्ट्रानिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चैनलों सहित स्थानीय केबल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली।

# अधिकतर प्रत्याशियों की हुई घोषणा,नगर में चर्चा कवर्धा और पंडरिया में होगा बहुकोणीय मुकाबला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 अक्टूबर।** कवर्धा से भाजपा से विजय शर्मा , कवर्धा में कांग्रेस से मोहम्मद अकबर , पंडरिया में कांग्रेस से नीलू चंद्रवंशी और कवर्धा में आम आदमी पार्टी से राजा खड़ग राज सिंह की घोषणा हो चुकी है और कई पार्टी ने भी प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है और कई निर्दलीय प्रत्याशी भी फार्म खरीद चुके है । लोग भी दबी जुबान से कह रहे है की इस बार चुनाव बहुकोणीय होगा और आखिरी समय तक पता नही चलेगा की आखिर कौन जीतेगा और चुनाव परिणाम के बाद ही तय होगा । नए युवा मतदाताओं में भी खुशी की लहर है पहली बार वोट देंगे । जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्ग दर्शन में जिला निर्वाचन की टीम अच्छा कार्य कर रही है । अधिक से अधिक लोग मतदान अच्छे से करे जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की टीम अच्छा वर्क कर रही है । मुद्दे की बात पर लोग पान दुकान , होटलों में विकास , भ्रस्टाचार , प्रत्याशी की छबि की चर्चा जनमानस में दिख रही है ।

# अहिवारा विधानसभा में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत: रेखराम बंछोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अहिवारा, 15 अक्टूबर।** अहिवारा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी गुरुजी डोमन लाल कोर्सेवाड़ा का जामुल मंडल में हजारों कार्यकर्ता द्वारा जोरदार भव्य स्वागत किया गया। गुरुजी के प्रत्याशी घोषित होते ही जामुल के हर दिशाओं से समस्त 24 बूथों से आये कार्यकर्ता में पुनः एक ऊर्जा संचारित हो चुकी है। जामुल मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी के नैतृत्व में गुरुजी का पहला कार्यकर्ता मिलन समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें मण्डल के कोने कोने से आये भाजपा के कार्यकर्ता उत्साह से बढ़ चढ़ कर अपनी निष्ठा गुरुजी के प्रति प्रेषित की साथ ही विश्वास दिलाया कि हर बूथ में सिर्फ कमल का फूल खिलेगा।

इस बीच भिलाई जिलाध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया,जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, जिलाउपाध्यक्ष व पूर्व पालिकाध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल प्रभारी बिजेंद्र सिंह, पालिकाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर व समस्त मण्डल पदाधिकारी के मौजुदगी में कांग्रेस के छाया पार्षद तीरथ साहू ने भाजपा ग्रहण कर कांग्रेस को झटका दिया। जिलाध्यक्ष बिचपुरिया ने कांग्रेस नेता तीरथ साहू को गमछा पहनकर आदरपूर्वक भाजपा प्रवेश करवाया। इस बीच मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, पालिकाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, मण्डल प्रभारी बिजेंद्र सिंह, महामन्त्री बंटी गुप्ता, नूतन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद दीपक गुप्ता, पार्षद खम्मन ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद कविल बिस्वाल, प्रदेश युवामोर्चा प्रसार मंत्री आकाश सिंह ठाकुर, प्रदेश मंत्री ह्यह्ल मोर्चा संतोष मारकंडे, जिलाउपाध्यक्ष जितेंद्र साहू,जिलाध्यक्ष ह्यह्ल मोर्चा द्वारिका चंद्रवंशी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, दीपक सिंह, अनिता साहू, ठाकुर विक्रम सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष सुभाष पंचाल, मंडल मंत्री शंकर साहू, संजय यादव, पूर्व महामन्त्री मनीष साहू, युवामोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव महामन्त्री विक्की डोमेन्द्र बंछोर, अनूप राय, महिलामोर्चा अध्यक्ष रुपेश्वरी वर्मा महामन्त्री गायित्री निषाद, दुर्गा देवांगन, भाजपा नेत्री रश्मि वर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अजय निर्मल, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र साहू, ह्यष् मोर्चा अध्यक्ष दौवा राम ठाकुर, ह्यह्ल मोर्चा अध्यक्ष लव सोनवानी, सहकारिता प्रकोष्ठ सुरेश मानिकपुरी,पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, हेमंत देवांगन, सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू, सांसद प्रतिनिधि रामकुमार धनकर, पूर्व पार्षद राजेन्द्र वर्मा, सरस बर्मन, अश्वनी यादव, संतोष ठाकुर, मेघनाथ साहू, राजेन्द्र चौहान, जिला मंत्री बी आर रामटेके, जिला ठ्ठद्बश प्रभारी दिनेश कुमार पांडे, शक्तिकेन्द्र संयोजक देवदत्त शर्मा,श्री राम जनमोत्स्व समिति के जामुल प्रखंड अध्यक्ष अरुण सिंह, तुलाराम टंडन, उमेन्द्र वर्मा, अश्वनी पांडे, कुलेश्वर वर्मा, ओमप्रकाश साहू, जगदीश देवांगन, लक्ष्मी छत्रिय, बिशेसर वर्मा, बेसेसर साहू, मीडिया प्रभारी राजेश यादव, लेखराम पाल, उपाध्यक्ष किशन गर्ग, राजेश यादव, खुमान सिन्हा, बजरंग सिन्हा, शेषु, ओमप्रकाश, सीमांत, पुनीत साहू, भगवान चौहान, भानु साहू, देव चरण मिश्रा, कृष्णा कुमार पांडे, देवनाथ यादव, रमेश साहू, पटेल जी, नवीन शर्मा, अरुण ठाकुर, सहित सैकड़ा की संख्या में जेष्ठ श्रेठ जामुल भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्तिथ थे।।कार्यक्रम की संचालन महामन्त्री प्रशांत बंटी गुप्ता ने किया और आभार पूर्व पालिकाध्यक्ष व जिलाउपाध्यक्ष रेखराम बंछोर की किया।।

## जिला स्तरीय पीयर ग्रुप की बैठक आयोजित

**दुर्ग 15 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा जिला अधिकारियों के बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल द्वारा जिले के तीनों स्तरों हेतु जिला स्तरीय पीयर ग्रुप का निर्माण किया गया जिसकी बैठक 14 अक्टूबर को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में संपन्न हुआ। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जायसवाल द्वारा बताया गया कि यह ग्रुप स्वप्रेरित उत्कृष्ट शिक्षकों का ग्रुप है। मुख्य रूप से ग्रुप के माध्यम से उन स्कूलों के शैक्षिक गुणवत्ता का सुधार किया जाना है जिनके मासिक एवं त्रैमासिक परीक्षाओं का परिणाम 20 प्रतिशत से कम, 40 प्रतिशत से कम एवं 60 प्रतिशत से कम है। विभिन्न परीक्षाओं में निम्न स्तर प्रदर्शन वाले शालाओं के शिक्षकों का इस ग्रुप के माध्यम से उन्मुखीकरण किया जाएगा।

# कलेक्टर के निर्देश पर निगम ने हटाया अस्पताल परिसर से अवैध अतिक्रमण, इस दौरान आयुक्त स्वयं उपस्थित रहे



दुर्ग। जिला अस्पताल का विगत दिनों कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण के दौरान अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देश दिये गये। आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर स्वयं उपस्थित रहकर अस्पताल परिसर अंतर्गत मातृ शिशु भवन एवं जी एन एम नर्सिंग भवन के बीच के क्षेत्र की बाउंड्री वाल टूटी हुयी है जिसे पक्की दिवार बनाकर स्थाई रूप से बंद किया जाना है और परिसर के अंदर एवं बाउंड्रीवाल के आस पास के क्षेत्र विशेषकर दुर्गा मंदिर के आसपास के क्षेत्र के सभी अवैध कब्जे को हटाया गया। इसके अलावा एम सी एच भवन के पीछे के क्षेत्र एवं शीला होटल के बीच की दिवार टूटी हुयी है जहाँ से रात मे असामाजिक तत्व आये दिन प्रवेश करते है। उक्त दिवार को भी स्थाई रूप से बनाये जाने की बात कही एवं परिसर अंतर्गत समस्त स्क्रैप हटाया जाना है। साथ ही परिसर अंतर्गत नगर निगम द्वारा वाटर एटीएम बनाये गये है जो चालू नही है. दोनो की मरम्मत की आवश्यकता है। अस्पताल की बाउंड्रीवाल के आसपास की अनावश्यक झाडिया हटाये जाने निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को लिखित में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा आवेदन प्रस्तुत की गई है।कार्रवाही के मौके पर भवन अधिकारी गिरीश दीवान,बाजार अधिकारी जावेद अली,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,भवन निरीक्षक विनोद माझी,सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव,ईश्वर वर्मा आदि मौजूद रहे। जिला चिकित्सालय कार्यवाही कलेक्टर के निर्देश पर निगम ने हटाया अस्पताल परिसर से अवैध अतिक्रमण आयुक्त स्वयं उपस्थित रहकर करवाये कार्रवाईदुर्ग में अवैध कब्जा हटाने के संबंध में लिखित शिकायत कलेक्टर व निगम आयुक्त को पत्र देकर कहा गया है कि जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित साई प्रसादालय जिनके संचालक द्वारा बहुत सारे स्थल का अतिक्रमण किया गया है उक्त स्थल पर मानसिक रोगियों के लिए वार्ड बनाये जाने का निर्णय लिया गया है।निगम प्रशासन से अवैध कब्जा हटाने के लिए निवेदन किया गया है। उक्त स्थल पर मानसिक रोगीयों के लिए वार्ड प्रस्तावित है।

## जैन भवन में नृत्य,गायन,वादन का किया गया आयोजन




**भिलाई, 15 अक्टूबर।** जैन भवन सेक्टर 6 में जैन मिलन जैन कला केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर पर गायन वादन भरत नाट्यम कत्थक तबला शास्त्री गायन सितार वादन आदि छत्तीसगढ़ राज्य के अनेक क्षेत्र से , प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक होने जा रहा है आज त्रिवेनी जैन तीर्थ जैन भवन में भगवान महावीर स्वामी और मां सरस्वती जी के छायाचित्र वंदन करते हुए मंगलदीप जैन कला केंद्र के शिक्षा गुरु जनों के साथ जैन मिलन जैन ट्रस्ट के पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया छत्तीसगढ़ राज्य के खैरागढ़ और अनेक क्षेत्रों से संगीत के कलाकार जैन भवन आज के आयोजन में शामिल होकर अपनी शानदार प्रस्तुति दिएआज इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि जैन ट्रस्ट के प्रकाश गोलछा, जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन,जैन ट्रस्ट के उप मंत्री प्रदीप जैन बाकलीवाल , जैन कला केंद्र के अध्यक्ष ऋषभ जैन विनोद जैन, प्रिंसिपल श्री कीर्ति व्यास जी श्री हरि शंकर जी राजेश जैन जिनेंद्र जैन कमल जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल भागचंद जैन अनुपम जैन आदि अनेक लोग उपस्थित थे सुबह 10 बजे से शुभारंभ यह कार्यक्रम दिनांक 15 अक्टूबर तक होगा जिसमें, यह तीन दिवसीय के आयोजन में रविवार को शाम 6.30 बजे से उप कुलपति (खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय) माननीय ममता चंद्राकर जी के द्वारा पारितोषिक वितरण किया जाएगा। अध्यक्ष मुकेश जैन ने अनुरोध करते हुए कहा कि आप सभी जैन मिलन के सदस्य गणों से अनुरोध है कि आप अपनी गौरवशाली उपस्थित थी देखकर कार्यक्रम को सफल बनाएं यह जानकारी प्रचार प्रचार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने दिया जैन मिलन जैन भवन सेक्टर 6 प्रचार प्रसार विभाग प्रदीप जैन बाकलीवाल

## जेएलएन हॉस्पिटल में स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह का समापन




भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में, 09 से 14 अक्टूबर तक स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन किया गया था। जिसका समापन 14 अक्टूबर को जेएलएन हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हाल में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ एम रविन्द्रनाथ के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के अन्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी-डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर सहित सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी- डॉ प्रतिभा इस्सर, डॉ लता देवांगन, रेडियो-डायग्नोसिस विभाग से वरिष्ठ सलाहकार (रेडियोलॉजी) डॉ धीरज कुमार गुप्ता, अन्य वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरा-मेडिकल स्टाफ भी उपस्थित थे। डॉ एम रवींद्रनाथ ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हर महिला को स्तन कैंसर के लक्षणों पर नियमित निगरानी रखना बहुत जरूरी है। रोग निवारक उपचार के साथ-साथ, समय समय पर जाँच कराना स्तन कैंसर को ठीक करने में सहायक होता है। डॉ. रवींद्रनाथ ने कहा कि रेडियो-डायग्नोसिस विभाग के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित, स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह - 2023 ने वास्तव में एक बेंचमार्क स्थापित किया है। स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह - 2023 के दौरान, 09 से 14 अक्टूबर तक, स्तन कैंसर जागरूकता पर विभिन्न स्थानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई थी। जिसमें जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का ओपीडी परिसर, बीटीआई, भिलाई महिला कॉलेज आदि सम्मिलित है। स्तन कैंसर जागरूकता पर आयोजित, विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंधित विजेताओं को डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा, पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# हमारे बूथों का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस की जीत के लिए संकल्पित:भूपेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो को आमजनता तक प्रचार-प्रसार करने व पुनः प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूरे 90 विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं में नई उमंग, जोश के साथ कांग्रेस का हाथ मजबूत करने को लेकर संकल्प शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 14 अक्टूबर को संकल्प शिविर का आयोजन किया गया।




जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 14 अक्टूबर को अनंत पैलेस जीई रोड पार्रीनाला बाईपास में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छग कृषक कल्याण मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, विधानसभा प्रभारी ब्रिजेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में संकल्प शिविर संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनते ही निरंतर विकास व अनेकों जनहितकारी योजनाएं शुरू कर प्रदेश को विकसित राज्य बनाया। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफी, समर्थन मूल्य में धान खरीदी, बिजली बिल हाफ, तेंदूपत्ता खरीदी कर किसानों की अर्थव्यवस्था सुधारने का काम किया। हमारी सरकार ने प्रदेश के हर समाज के उत्थान के लिए, सामाजिक कार्यक्रमों के लिए जमीन व भवन निर्माण की राशि स्वीकृत कराया। गरीब, मजदूर के बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद हिन्दी व इंग्लिश मीडिया स्कूल के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधा, प्रदेश की संस्कृति व छत्तीसगढ़ महतारी को संवारने का कार्य किया। हमारी सरकार सीधे किसान भाईयों को उनके उपज का सही दाम देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केन्द्र की मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि इस मंच के माध्यम से कहा कि हम पूरे छत्तीसगढ़ के किसानों का धान खरीद रहे हैं, आप श्रेय लेना चाह रहे हैं जबकि रमन सिंह के कार्यकाल का दो साल का बोनस किसानों को अब तक नहीं मिला है। राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी बृजेश शर्मा ने बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए कहा कि आप कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम राजनांदगांव विधानसभा की यह महत्वपूर्ण सीट पर अपनी विजय सुनिश्चित करेंगे। स्वागत भाषण में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि राजनांदगांव के एक-एक बूथ के कार्यकर्ता आपके आने से जोश से लबरेज हैं और रमन सिंह की राजनांदगांव से विदाई तय है।

## एक नजर

### सर्व ब्राह्मण समाज ने भागवताचार्य आचार्य नंदकुमार चौबे को धर्म शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया



**रायपुर 15 अक्टूबर।** जैतुसाव मठ स्थित गांधी सभागार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन के छठवें दिन भागवताचार्य आचार्य नंदकुमार चौबे का सर्व ब्राह्मण समाज ने धर्म शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया। उक्त अवसर पर समाज के प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, सोहनलाल शुक्ला सहित पदाधिकारियो ने कथा स्थल पर भगवताचार्य का भगवान परशु चित्रांकित साफा, श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र वाचन कर उक्त सम्मान से सम्मानित किया। इसी कड़ी में समाज ने परीक्षित जयप्रकाश पांडेय -अनीता पांडे, आयोजक रत्ना पांडे, नवीन पांडे, विजय पांडे, विनोद पांडे, वीरेंद्र पांडे, पवन पांडे तथा बलदेव पांडे को धर्मशक्ति सम्मान से सम्मानित किया।

### हैंड्स ऑन लाइव वर्कशॉप में डॉक्टरों ने एक साथ विभिन्न प्रकार की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी कर प्रतिभागियों को दिया प्रशिक्षण

**रायपुर. 15 अक्टूबर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती पर आयोजित हैंड्स ऑन लाइव हिस्टेरोस्कोपी एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी वर्कशॉप के अंतिम दिन मुंबई से आए प्रख्यात लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अमय पदमवार ने टोटल लेप्रोस्कोपिक हिस्ट्रेक्टमी, ओवेरियन सिस्टेक्टमी, मायोमेक्टोमी, एंडोमिट्रीयोसिस, रुडीमेंट्री हॉर्न रिमूवल, लेप्रोस्कोपिक सस्पेंशन डरमायड सिस्ट रिमूवल जैसी छः सर्जरी कर प्रतिभागियों को लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का प्रशिक्षण दिया। डॉ. अमय पदमवार के साथ प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल, डॉ. अमृता, डॉ. धवल, डॉ. अंजुम एवं डॉ. अपर्णा की टीम ने ऑपरेशन थियेटर में मरीजों की सर्जरी की जिसको इमोक हॉल के प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रतिभागियों ने सीधे लाइव देखा। कार्यशाला के अंत में विशेषज्ञ पैनल ने लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के दौरान आने वाली कठिनाइयों एवं सुरक्षित लेप्रोस्कोपिक सर्जरी करने के टिप्स दिए। कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग डॉ. ज्योति जायसवाल ने बताया कि आज एक ऐसी महिला की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई जिसकी तीन बार सीजेरियन डिलिवरी के ज़रिए प्रसव हो चुका था। ऐसे में महिला मरीज के लिए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी ही सुरक्षित एवं कारगर थी।

### पीजी कॉलेज धमतरी में एलएलबी वालों का किया गया स्वागत



**धमतरी 15 अक्टूबर।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कॉलेज धमतरी में नवप्रवेशित विधि विभाग के विद्यार्थियों का वेलकम पार्टी में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।जिसमें विधि विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद, प्रोफेसर पंकज जैन, प्रोफ़ेसर कोमल यादव, प्रोफ़ेसर प्रेम नाथ भारती, प्रोफेसर सपना ताम्रकार , प्रोफेसर गायत्री लहरी के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधि विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमेशा मन लगाकर पढ़ाई करो और देश दुनिया में नाम कमाओ आपके साथ-साथ हमारे कॉलेज का भी नाम रोशन होगा, मेहनत करने से अवश्य ही हमारी मंजिल मिल जाती है, आप लोग कड़ी मेहनत के साथ ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करेंगे तो सफलता आपको अवश्य मिलेगी, डॉ. सपना ताम्रकार ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने हेतु परिश्रम हेतु प्रेरित किया, प्रोफेसर पंकज जैन ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य का निर्धारण करके, उसी के अनुसार अनुरूप पढ़ाई करना चाहिए, प्रोफेसर कोमल प्रसाद ने विद्यार्थियों से कहा कि आप जिस उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में प्रवेश लिए हैं वह निश्चित रूप से आप प्राप्त करेंगे, डॉ. प्रेमनाथ भारती ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन पर जोर दिया, प्रोफेसर श्रीमती गायत्री लहरे ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम हेतु प्रेरित किया7 पश्चात नवप्रवेशित एलएलबी के छात्र छात्राओं को गुलाल व चंदन से स्वागत कर एवं गिफ्ट देकर स्वागत सत्कार किया गया ,और साथ में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का कभी आयोजन हुआ कार्यक्रम में उपस्थित वैशाली, प्रियंका देवांगन , ऋषि दुबे, प्रियांशी पमा, आमोद दीवान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर एलएलबी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का वेलकम किया गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी को मिलकर जिताने का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 15 अक्टूबर।** कांग्रेस जोन सांकरा जिसमें 34 पोलिंग बुथ शामिल है। एक आवश्यक बैठक 14 अक्टूबर को रखी गई जिसमें सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि पार्टी हाई कमान द्वारा सिहावा विधानसभा के लिए विधायक प्रत्याशी के रूप में जिसका भी नाम तय किया जायेगा कार्यकर्ता जीत दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे। किसी भी प्रत्याशी का विरोध नही किया जावेगा। साथ ही 11 अक्टूबर को ब्लाक अध्यक्ष के घर में कुछ कांग्रेसी एकत्रित हुए थे जिसमें विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस के बैनर तले जो प्रस्ताव किया गया था जिसकी घोर निन्दा की गई। कार्यकर्ताओं ने साफ कहा कि वह बैठक विधिवत नही थी। पार्टी के संभावित प्रत्याशी के खिलाफ प्रस्ताव करना यह मामला अनुशासनहीनता में आता है। टिकट मांगने का सबको अधिकार है पर अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान द्वारा लिया जाता है। पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि जिसे भी टिकट मिले उसे सब मिलकर जितायें। पार्टी से बड़ा कोई नही है। संकल्प शिविर में सब कांग्रेसजन शीर्ष नेतृत्व के सामने यह सब संकल्प लिये थे कि पार्टी हाईकमान द्वारा दिये गये निर्णय को सर्वमान्य करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रीति नीति के अनुसार हम सब एक होकर पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाते हुए छत्तीसगढ़ में सरकार बनायेगें। वर्तमान घड़ी में बगावत का कृत्य हब सब कांग्रेसी को बड़ा दुखी करता है। उपस्थित सभी कांग्रेसियों ने यह भी प्रस्ताव पारित किया कि नगरी के कुछ कांग्रेसी सांकरा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते है, वह ठीक नही है।



पूर्व में भी राजेन्द्र सोनी जब ब्लाक अध्यक्ष 2018 में बने थे तब भी नगरी के कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी जाकर विरोध किया था। अभी भी मंडी सदस्य को मंडी अध्यक्ष बनाया गया है फिर उनका विरोध किया जा रहा है जो निन्दनीय है। आखिर सांकरा क्षेत्र के कार्यकर्ता का हमेशा विरोध करना शोभा नही देता। श्री सोनी के नेतृत्व में हम सब 2009-10 मे जब वो युवा कांग्रेस अध्यक्ष से लगातार पार्टी का कार्य करते आ रहे है और आगे भी पार्टी के लिए एक जुट कार्य करते रहेगें। इस तरह का विरोध हम सब कांग्रेसी कभी बर्दास्त नही करेगें। एक जुटता का परिचय देते हुए भूपेश सरकार के योजनाओं को घर घर पहुंचाते हुए प्रचार प्रसार करेंगे एंव प्रदेश में सरकार बनाने के लिए सिहावा विधानसभा से भी कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाकर छग सरकार के हिस्से में शामिल करने का संकल्प लिया है। बैठक में उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी, जोन अध्यक्ष, साँकरा सेक्टर अध्यक्ष, साँकरा, भोथली, मेचका, बेलरबाहरा, खमरिया, नवागांव साँकरा, रानिगांव, भैसासाँकरा, महुवाबहरा, ठेनही, खल्लारी, लिलांज, हीनचापुर, रामनगर सहित वनांचल के सभी बूथ, ज़ोन सेक्टर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## 14 साल पुराने स्थायी वारण्टी को पुलिस ने किया बालाघाट से गिरफ्तार

**मोहला 15 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक मोहला मानपुर-अम्बागढ़ चौकी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर फरार अपराधियों व स्थाई वारंटियों की पतातलास धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान अंतर्गत अति0 पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी अर्जुन कुर्रे के मार्गदर्शन ,थाना प्रभारी थाना अंबागढ़ चौकी प्रशिक्षु डीएसपी0 शरद जायसवाल के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने मुखबीर की सटीक सूचना थाना- अम्बागढ़ चौकी के धारा 4.6.10 कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम, 11 ष्ठ पशु क्रूरता के मामले में माननीय न्यायालय से जारी स्थाई वारन्ट केवारंटी योगलाल लोधी पिता सरजलाल लोधी उम्र 37 साल साकिन सावरगांव थाना पिरोली जिला बालाघाट मध्यप्रदेश जो पिछले 14 साल से फरार था उसे बालाघाट से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष राजनांदगांव में पेश किया गया आदेशानुसार वारंटी को जेल दाखिल किया गया।




## जवानो सहित नपाध्यक्ष ने कृष्णा नगर में पेड़ लगाकर सुरक्षा प्रदान की




**डोंगरगढ़ 15 अक्टूबर।** नगर के रेलवे कालोनी वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर में डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम , पार्षद कृष्णा लिलहारे सहित आइटीबीपी तरुण कुमार बंजारी द्वितीय कमान40 वी वाहिनीभारत तिब्बत सीमा पुलिस डोंगरगढ़ के जवानों के साथ मिलकर पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा प्रदान की।

## राजेंद्र सोनी बनाये गये नगरी मंडी समिति के अध्यक्ष

■ **मंडी,उपमंडी उपार्जन केंद्रों में किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएंगेः राजेन्द्र**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी15 अक्टूबर।** भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कार्यालय संचालक कृषि विपणन छत्तीसगढ़ रायपुर बीज भवन ने छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नगरी मंडी अध्यक्ष के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण उनके स्थान पर राजेंद्र कुमार सोनी को तत्काल प्रभाव से कृषि उपज मंडी समिति नगरी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। यह आदेश मुख्यमंत्री के निर्देश पर नियमानुसार डायरेक्टर कृषि विपणन रायपुर से जारी किया है।



राजेंद्र सोनी पूर्व में ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस नगरी, ज़ोन अध्यक्ष सांकरा, ज़ोन प्रभारी नगरी, सचिव ज़िला कांग्रेस कमेटी धमतरी, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेंटी नगरी, कार्यकारिणी सदस्य ज़िला कांग्रेस कमेंटी धमतरी, कोविड प्रभारी मगरलोड, बूथ चलो अभियान प्रभारी कुकरेल व वर्तमान कार्य काल में मंडी सदस्य भी थे। इसलिए उनको ये पद दिया गया हैं साथ ही साथलंबे समय से पार्टी में लगातार सक्रिय होकर काम करने के कारण भी अभी मंडी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

श्री सोनी ने कहा कि किसान हित मे बेहतर काम करेंगे, सीएम भूपेश बघेल किसानों के सच्चे हितैषी है। उनकी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। व्यवस्था बेहतर बनाकर मंडी ,उपमंडी,उपार्जन केंद्रों मेंआने वाले किसानों को पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बड़ी जिम्मेदारी के लिए सीएम भूपेश बघेल, कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ,खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ,डॉ लक्ष्मी ध्रुव विधायक सिहावा विधानसभा,व अपने तमाम शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। किसान,व्यापारी,व् शुभचिंतकों आदि बधाई देनेवालों मे शामिल है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में उत्कृष्ट भैया-बहनों का किया सम्मान

**डोंगरगांव 15 अक्टूबर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में स्थानीय डोंगरगांव सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों के द्वारा जिला स्तर,संभाग स्तर ,प्रांत स्तर क्षेत्र स्तर पर विविध प्रतियोगिताओं में जिसमें क्रीडा, बौद्धिक,संस्कृति,विज्ञान से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें भैया बहनों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी श्री जितेंद्र कुमार वैष्णव एवं क्रीड़ा प्रभारी श्री सोहन यदु ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भैया बहनों द्वारा प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होकर नगर व विद्यालय को गौरवित किया। क्रीडा प्रतियोगिता में विभाग स्तर पर भैया बहनों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 56 पदों के साथ विभाग में प्रथम स्थान पर रहा। जिसमें 13 भैया बहनों का प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ। प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में तीन भैया बहनों का चयन हुआ। जिसमें क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रतिनिधित्व करते हुए भैया मुकेश पटेल आत्मज श्री मनबोधी पटेल ने 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर अखिल भारतीय क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु अपना नाम स्थानीय विद्यालय डोंगरगांव की 23वें खिलाड़ी के रूप में दर्ज कराया। इससे पूर्व भी विद्यालय द्वारा 22 अखिल भारतीय खिलाड़ी विद्यालय को गौरवान्वित कर चुके हैं। पिछले वर्ष भी बहन प्रियंका बंजारे जिन्होंने ऊंची कूद में अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय नगर व माता-पिता को गौरवान्वित किया है ।

भैया बहनो की उपलब्लियों के लिए संस्था की ओर से उत्कृष्ट छात्र सम्मान समारोह 2023 आयोजन किया गया जिसके भैया बहनो को विधाओ के तहत पुरस्कृत किया। विज्ञान मॉडल पर क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र गुलेश पटेल को द्वितीय स्थान पुरस्कृत किया गया । इसके साथ ही विभिन्न बौद्धिक , विज्ञान, वैदिक गणित, विभिन्न खेलकुद जैसी स्पर्धाओं में स्थान प्राप्त करने वाले अन्य 36 भैया बहनो को अभिभावकों , अतिथियो की उपस्थिति में सम्मानित किया गया ।

## नवरात्रि और गरबा के लिए जनसंवाद कक्ष में नगर पुलिस ने संचालकों का ली बैठक




**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** 14 अक्टूबर को पुलिस कन्ट्रोल रूम के जनसंवाद कक्ष में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल द्वारा दुर्गा समिति, गरबा समित व डी.जे. संचालकों व आयोजकों की बैठक ली गई। बैठक में विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर वर्तमान में लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुये पंडाल में किसी प्रकार का चुनावी प्रचार प्रसार नहीं किया जावे। यदि करते हैं तो विधिवत परमिशन लेवें। अनाधिकृत एवं असामाजिक तत्वों से बचाव हेतु यथा संभव पण्डाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव समितियों को दिया गया। आयोजन समिति के सदस्यों को पण्डाल का निर्माण में विशेष ध्यान रखने एवं लोगों के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए डी.जे. एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग निर्धारित मापदण्ड अनुसार बजाने तथा रात्रि 10 बजे के पश्चात् ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग करते पाये जाने पर कोलाहल अधिनियम के तहत् दण्डात्मक कार्यवाही किया जायेगा। नवरात्रि त्यौहार के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों अथवा अस्त्र शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी संबंधित थानों में दिये जाने की अपील की गई। प्रशासन द्वारा नवरात्रि त्यौहार को शांति पूर्वक मनाए जाने का आग्रह किया गया। बैठक में दुर्गा समिति, गरबा समित व डी.जे. संचालकों तथा शहर के थाना/चौकी प्रभारीगण उपस्थित थे।

# खुज्जी में कमर कस कर भाजपा उतरी रणभूमि में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया 15 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी विधान सभा चुनाव में कमर कस कर रणभूमि में उतर गई है 85 विधान सभा में अपनी प्रत्याशी घोषित करने के पश्चात नामांकन दाखिल करने की तैयारी में जुट गए हैं सभी भाजपा प्रत्याशी जिला सगठन मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता जोरशोर से नामांकन रैली को सफल बनाने बैठकों का दौर जारी है। वही राजनादगांव में नामांकन रैली सोलह अक्टूबर को खास होने वाला है जिसमे केंद्रीय गृह मंत्री मा अमित शाह जी का आगमन होने जा रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में राजनांदगांव,डोंगरगांव, खुज्जी व डोंगरगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ता शामिल होंगे।वही नामकन रैली के साथ स्टेट स्कूल मैदान में देश के यशस्वी गृह मंत्री श्री अमित शाह जी विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जिसकी तैयारी सभी मंडल स्तर पूरी कर ली गई है।व बैठकों दौर जारी है वही खुज्जी विधानसभा में सभी तीनो मंडल छुरिया ,कुमर्दा,चौकी,में बैठक संपन्न हुआ इस अवसर पर रविंद्र वैष्णव जिला भाजपा महामंत्री राजनंदगाव,हिरेंद्र साहू विधानसभा संयोजक खुज्जी, चंद्रिका डडसेना जिला भाजपा उपाध्यक्ष,कैलाश शर्मा जिला भाजपा मंत्री श्रीमती ललिता कंवर जिला मंत्री,अजय पटेल ,बोधन साहू,गुलाब गोस्वामी मंडल अध्यक्ष,जगजीत सिंह भाटिया,भुनेश्वर साहू,अनिरुद्ध चंद्राकर,एकांत चंद्राकर,घासी साहू,संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू,हिरदे देवागन,सुंदर साहू,दीनू साहू,गोपाल साहू, कंसू यादव,श्रीमती कमलेश शारस्वत,राजू कुरैशी,आलोक मिश्रा, धन्ना यादव,मनीष त्रिपाठी,राधेश्याम शर्मा,हनीफ कुरैशी,मनीष जैन,मायाराम साहू, नैनसिह पटेल,पदम साहू,देवनारायण कुंभकार,शेखर भारतद्वाज,गौरी शंकर गुरले,आशीष दिवेदी,अज्जू भाई,मुकेश साहू,सोहन साहू,दिग्विजय मिश्रा,सुमित मांडवी, अनंत तिवारी,मोहन जैन,हिरेंद्र साहू, चुनू साहू,गयादास साहू,शिवा मिश्रा,विकांत श्रीवास्तव,हितेश गुप्ता,सुकृत साहू,ललित साहू,आबिद मेमन,श्रीमती मालती ऊइके श्रीमती संगीता यादव,कुमार साहू,खेमचंद साहू,टीकम साहू,अशोक मालेकर,भूखन धनकर,दिग्विजय साहू,रूपेश साहू, डामन साहू,डुमेश साहू, गोविंद साहू,ओमप्रकाश साहू,दिलेश्वर मानिकपुरी,शंकर सेन,सोनू कसेर,नवीन साहू, शिवेंद्र साहू,पतिराम साहू,सेवक सिन्हा,शेखर बंधे महेंद्र खुटेल,गजेंद्र पाल,तीरथ विश्वकर्मा,अशोक सेन,भाजपा के कार्यकर्ता मतदाता गण उपस्थित रहे।



# आकांक्षा को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर15 अक्टूबर।** सुश्री आकांक्षा को पी.एच.डी. उपाधि श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री रविशंकर महाराज जी द्वारा प्रदान की गई है। उनका शोध का विषय एम्पेक्ट आफ ई-रिर्सोस आन द सर्विसेस आफ एग्रिकल्चर लाइब्रेरिज ऑफ छत्तीसगढ़ स्टेट-कंसोसियम फार ई-रिर्सोस इन एग्रीकल्चर के संदर्भ में था । जिसमें छत्तीसगढ़ की कृषि शिक्षा एवं शोध के विकास के लिए इसको प्रभाव एवं उपयोगिता को महत्व दिया गया। सेरा के माधयम से सिंगल विन्डो द्वारा देश-विदेश के समस्त कृषि शोध संकलन, देश-विदेश, आलेखों की जानकारी सहजता से पाठकों को उपलब्ध कराई जा सकती हैं, जो कि छत्तीसगढ़ के कृषि विकास में अत्याधिक उपयोगी हैं ।




उन्होंने अपना शोध का कराया डॉ. जी.एस. पटेल, शोध निर्देशक के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। आप विश्वविद्यालय की पुस्तकालय सूचना विज्ञान विभाग की प्रथम उपाधि प्राप्तकर्ता हैं । सुश्री आकांक्षा पाण्डेय कम्प्यूटर साइंस में इर्जीनियर है एवं उनसे द्वारा कई बार राष्ट्रीय स्तर की नेट एवं जे.आर.एफ. परीक्षायें भी उत्तीर्ण की गई है। उन्हें पूर्व में भी माननीय राज्यपाल महोदय एवं मुख्यमंत्री महोदय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में आकांक्षा पाण्डेय पुस्तकालयध्यक्ष के पद पर शासकीय महाविद्यालय, कोतमा, अनूपपुर में पदस्थ हैं। सुश्री आकांक्षा डॉ. माधव पाण्डेय, पुस्तकालयाध्यक्ष, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की सुपुत्री हैं ।

## सराफा व्यापारी मामले में भखारा पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया अभियोग पत्र

**अंवरी 15 अक्टूबर।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 5 निवासी सराफा व्यवसायी रावलमाल सोनी ने 25 मई को एसिड पीकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में भखारा पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच में लिया था। इस मामले पर मृतक की पत्नी ने धमतरी,दुर्ग और रायपुर के कुछ सराफा व्यवसायी पर उनके पति को प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। जिस पर पुलिस जांच में जुट गई थी। ज्ञात हो कि डेढ़ वर्ष पूर्व भखारा के सराफा व्यापारी रावलमल सोनी ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर लिया है उक्त मामले में भखारा थाना के प्रभारी शरद ताम्रकार बताया कि सराफा व्यापारी रावलमल सोनी मामले में धमतरी के नवीन चोपड़ा,महावीर चोपड़ा के विरुद्ध 306,34 भादवि अपराध दर्जकर 9 अक्टूबर को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर एसपी ने राजपत्रित अधिकारी एवं थाना,चौकी प्रभारियों की ली बैठक

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** 14 अक्टूबर को नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा पदभार ग्रहण करने तत्काल बाद् पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागृह में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्वक और निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु जिले के समस्थ राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों का बैठक लिया गया। जिसमें कानून व्यवस्था को लेकर अपने-अपने क्षेत्रों की ग्राउंड रिपोर्ट की जानकारी लेकर अपराध, कानून व्यवस्था एवं चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आने वाले समय दोहरी चुनौती है, चुनाव की तैयारियों के चलते हुए रूटीन क्राइम कंट्रोल, नवरात्र मेला ड्यूटी के साथ-साथ मुस्तैदी से अन्य ड्यूटी करनी है, चुनावी समय में विभिन्न एजेंसियों का आवागमन रहता है, सभी से समन्वय बनाते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने व पुलिस अधिकारियों को चुनाव आयोग के द्वारा दिए गए निर्देशों को पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, एवं स्थायी वारंटियों की गिरफतारी तथा वांछित अपराधियों व ऐसे लोग जो चुनावी प्रक्रिया में व्यवधान डाल सकते है उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा कि उनके आगामी प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है। एक बयान में अभिनेत्री नेहा धूपिया ने मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने व्यक्तियों से साथियों और विशेषज्ञों दोनों से समर्थन लेने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चुप्पी के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।





# 'डोरी' का पहला लुक जारी

सामाजिक रूप से प्रासंगिक शो को सामने लाने और रूढ़िवादिता को चुनौती देने की अपनी सहज प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध, भारत का अग्रणी एचजीईसी कलर्स 'डोरी' नामक एक और विचारोत्तेजक सोशल ड्रामा लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस आगामी शो में जिन सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा की जाती है, वह कई परित्यक्त लड़कियों की वास्तविकता को छूती है जिन्हें उनके माता-पिता नहीं अपनाते हैं। पितृसत्तात्मक समाज में ये लड़कियां माता-पिता की पहली पसंद नहीं हैं। यह लैंगिक असमानता लोगों के मन में घर कर गई है, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपना नज़रिया बदलना होगा और ज़मीनी स्तर पर उनकी शक्ति को पहचानना होगा। इस भेदभाव पर चर्चा करते हुए, 'डोरी' ऐसी कहानी पेश करता है जिसमें मानसिकता को प्रभावित करने की क्षमता है, जिससे सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। यह शो छह साल की प्यारी बेटी डोरी की कहानी है, जो बनारस के बुनकर मोहल्ले में अपने पालक पिता गंगा प्रसाद के साथ रहती है। गंगा प्रसाद एक अनुरागी पिता है, जिसने डोरी को उत्तम आदर्शों के साथ पालने को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया है, और जिसके रचनात्मक अस्थायी समाधान यह सुनिश्चित करते हैं कि उसकी बेटी सुविधाओं की कमी महसूस न करे। शो ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर अपना पहला विचारोत्तेजक प्रोमो जारी किया और अपने मुख्य पात्रों डोरी, गंगा प्रसाद और कैलाशी देवी का परिचय दिया। इस प्रोमो की शुरुआत डोरी के एक दिल छू लेने वाले दृश्य से होती है, जिसमें वह साड़ी मोड़ने में अपने शारीरिक रूप से अक्षम पिता की मदद कर रही दिखती है। वह उनसे पूछती है कि उसे पवित्र गंगा में किसने छोड़ दिया और उसके पिता ने उत्तर दिया कि जिन्होंने ऐसा किया वे दुर्भाग्यशाली थे।



# क्या पुष्पा अपना घर और व्यवसाय दोनों खो देगी?

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' एक दृढ़ किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) के इर्द-गिर्द घूमता है, जो अटूट आशावाद और समस्या हल करने की क्षमता के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हाल के एपिसोड्स में एक नाटकीय मोड़ आया, जब वीरेन (हेमंत खेर) ने पुष्पा को खतरनाक धमकी दी, जो कि नवरात्रि के दौरान होने वाली भीषण घटना की ओर इशारा करती है। इसके तुरंत बाद, उनकी बुनाई की वर्कशॉप, ताना बाना में आग लग गई।आगामी एपिसोड में, वीरेन पुष्पा और उसके परिवार के सामने अपनी अब तक की सबसे कुटिल चाल का खुलासा करेगा, और बताएगा कि अब उनके घर पर उसका नियंत्रण है। आग में अपनी वर्कशॉप को खोने के बाद, पुष्पा पर अब अपना घर भी खोने का खतरा मंडरा रहा है, जब तक कि वह कर्ज़ नहीं चुका देती। जबकि वीरेन एक अन्यायपूर्ण सौदे पर ज़ोर देकर इस हालात का फायदा उठाने की कोशिश करता है, पुष्पा के पटोला बुनाई के पोषित सपने के टूटने का खतरा पैदा हो जाता है। पुष्पा सब कुछ खोने की कगार पर है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इन चुनौतियों का सामना कैसे करती है और कैसे इनसे बाहर निकलने का रास्ता खोजती है।

पुष्पा अपने घर और अपने पटोला बुनाई व्यवसाय को वीरेन की बुरी चालों से कैसे बचाएगी?

पुष्पा का किरदार निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, ÷पुष्पा अपने जीवन के दो पहलुओं को लेकर बहुत भावुक है - उसका परिवार और अपने पिता के पटोला बुनाई के सपने को आगे बढ़ाना। लेकिन अब वीरेन की धमकियों ने एक झटके में दोनों को खतरे में डाल दिया है। मेरा किरदार दृढ़ संकल्प का पर्याय है, लेकिन वह अब खुद को बेहद खराब स्थिति में पाती है, और उसे हर पहलू में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में पुष्पा ने जो साहस दिखाया, वह वाकई सराहनीय है। मैं इतनी तरह की भावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हूं और दर्शकों की प्रतिक्रिया का उत्सुकता से इंतज़ार कर रही हूं, जो यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि आखिरकार वह इस झंझट से कैसे बाहर निकलती है।÷

# स्वामी रामदेव ने अबूझमाड़ मलखंभ ग्रुप की तारीफ की

सप्ताह दर सप्ताह, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का टैलेंट रियलिटी शो, इंडियाज़ गॉट टैलेंट, विभिन्न शैलियों में टैलेंटेड परफॉर्मेंस के साथ स्तर बढ़ा रहा है। प्रतियोगियों ने जजों और पूरे देश को प्रभावित करने के लिए अपने एक्ट में नयापन और सुधार लाया है, और आगामी एपिसोड में वे 'नवरात्रि स्पेशल' में उत्सव का मौसम लेकर आएंगे। इस उत्सव में, योगऋषि स्वामी रामदेव इसे एक खुशनुमा अवसर बनाने के लिए शो के सेट की शोभा बढ़ाएंगे। इसके अलावा, प्रतियोगी, जजों के साथ, 'दुर्गा मां' से आशीर्वाद लेंगे और 'गरबा' परफॉर्मेंस देंगे, जिससे संगीत, जयकार और अभूतपूर्व एक्ट्स से भरी एक आनंदमय शाम होगी जो आपको आश्चर्यचकित कर देगी। अपनी चुस्ती और शक्ति के उल्लेखनीय परफॉर्मेंस के लिए प्रसिद्ध, छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ मलखंभ समूह एक बार फिर 'ओमकारा' के टाइटल ट्रैक पर अपने अद्भुत एक्ट से सभी को आश्चर्यचकित कर देगा। उनकी लगन से आश्चर्यचकित होकर, विशेष अतिथि योगऋषि स्वामी रामदेव ने साझा किया, मैंने अबूझमाड़ का दौरा किया है और वहां आपकी प्रतिभा के बारे में बहुत कुछ सुना है। तब से मैं आपके प्रदर्शन को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। पारस (समूह के सबसे बड़े सदस्य) और सुरेश (सबसे कम उम्र का सदस्य), जो मुझे लगता है कि 3 साल की उम्र में घर से बाहर निकले होंगे, उनकी अपनी यात्राएं रही हैं। और, मैंने 15 साल की उम्र में घर छोड़ दिया था, इसलिए मैं आज यहां हूं और आपने घर छोड़ा था 3 साल की उम्र में, तो बस कल्पना करें कि आप जीवन में कहां पहुंचेंगे। यह देखना उल्लेखनीय है कि योग को अब खेल का एक हिस्सा माना जाता है और मुझे योग को खेल का हिस्सा बनाने में योगदान देने पर गर्व है।

योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा, अबूझमाड़ मलखंभ ग्रुप, आप भारत में पहले ही इतिहास बना चुके हैं, और अब आप विश्व मंच पर इतिहास बनाने के लिए तैयार हैं। इतिहास के बारे में पढ़ना बहुत अच्छी बात है, लेकिन उसका हिस्सा बनना उससे भी बड़ी बात है। आप ऐसे व्यक्ति हैं जो निस्संदेह इतिहास का हिस्सा बनेंगे। छोटी जगह से आने के बावजूद अब हर कोई आपकी प्रतिभा को पहचानता है।

इसके अलावा, इस बारे में बात करते हुए कि योग कैसे उनकी दिनचर्या का एक अभिन्न अंग रहा है, अबूझमाड़ मलखंभ समूह के सदस्य, पारस कहते हैं, हमारे कार्य कलाबाजी और मलखंभ का मिश्रण हैं। योगऋषि स्वामी रामदेव के आसनों के बारे में तो बहुत-से लोग जानते हैं, लेकिन बहुत कम ही लोग इन्हें ठीक से कर पाते हैं। हमारी टीम हर दिन की शुरुआत लचीलेपन में सुधार के लिए दौड़ने और योगऋषि स्वामी रामदेव के आसन करने से करती है। योगऋषि स्वामी रामदेव के आसन हमारे लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत हैं। हमें योग से परिचित कराने के लिए मैं अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जो हमारी दैनिक दिनचर्या में बेहद फायदेमंद साबित हुआ है।'' इस लुभावनी परफॉर्मेंस के बाद, योगऋषि स्वामी रामदेव समूह में शामिल होने के लिए मंच पर जाएंगे और कुछ उल्लेखनीय मलखंभ करतब दिखाएंगे, जिससे हर कोई आश्चर्यचकित रह जाएगा। जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और बादशाह भी विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन करने के लिए मंच पर उनके साथ शामिल होंगे।

# एक बात कभी नहीं बदलेगी:खान



भारत का प्रिय रियलिटी शो, हुंडई की पेशकश, स्पेशल पार्टनर चिंग्स शेज़वान चटनी, स्मार्ट लॉक स्क्रीन पार्टनर ग्लांस के साथ, कलर्स का 'बिग बॉस' मनोरंजन की अपनी शानदार विरासत और दबंग होस्ट सलमान खान के साथ टेलीविज़न पर लौट आया है। इस साल, यह शो विभिन्न प्रकार के नए तत्वों और अभूतपूर्व स्तर के मनोरंजन के साथ दर्शकों को बांधे रखने का वादा करता है। इस साल की थीम प्रतियोगियों के लिए एक चेतावनी भी हैः 'इस बार गेम नहीं होगा सबके लिए सेम टू सेम' में तीन गेम-चेंजिंग मंत्रों, दिल, दिमाग और दम की शुरूआत की जाएगी। सलमान खान शो की मेज़बानी करने की वार्षिक परंपरा निभा रहे हैं, जिनके वार और रियलिटी चेक में ड्रामा और ग्लैमर के बड़े डोज़ देंगे।

**कलर्स के 'बिग बॉस' की मेज़बानी करना आपके लिए हर साल की परंपरा रही है। इसके 17वें संस्करण की मेज़बानी पर आपके क्या विचार हैं?**

अगर आपने प्रोमो देखा है, तो आपको पता होगा कि बिग बॉस का यह नया सीज़न और भी रोमांचक होगा।

इस बार, बिग बॉस प्रतियोगियों के साथ अपने तरीके से गेम खेलेंगे। यह शो मनोरंजन, भावनाओं और ड्रामा के बारे में है। इस सीज़न में तीन गेम-चेंजिंग मंत्रों, दिल, दिमाग और दम की शुरुआत के साथ इन तीनों तत्वों को पूरी तरह से नए स्तर पर ले जाया जाएगा। सभी प्रतियोगियों को मेरी शुभकामनाएं।

**दिल दिमाग और दम के मंत्र क्या दर्शाते हैं? कृपया हमें 'इस बार गेम नहीं होगा सबके लिए सेम टू सेम' थीम के बारे में और बताएं?**

साल दर साल नए तत्वों को शामिल करने के लिए शो के निर्माताओं को बधाई। इस साल की थीम है इस बार गेम नहीं होगा सबके लिए सेम टू सेम। दिल, दिमाग और दम इस सीज़न के तीन गेम-चेंजिंग मंत्र हैं। वह उन लोगों से जुड़ेंगे जो अपने दिल से खेलना चुनते हैं, उन लोगों का मार्गदर्शन करेंगे जो बड़ी चतुरता से माइंड गेम में शामिल होते हैं और साहसी लोगों की सराहना करेंगे। दर्शकों को पता नहीं चलेगा कि क्या उम्मीद की जाए।

**इस सीज़न में सभी नवीनता के साथ, शो का वह स्थायी पहलू क्या है जो आपके अनुसार कभी नहीं बदलेगा?**

बिग बॉस के बारे में एक बात कभी नहीं बदलेगी, कि इसकी अनिश्चितता ही निश्चित है। यह शो विभिन्न पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतियोगियों के व्यक्तित्व और प्रतिक्रियाओं पर निर्भर करता है। दूसरी चीज़ जो कभी नहीं बदलेगी, वह है दर्शकों से मिलने वाला प्यार। शो के लिए चाहे कितनी भी योजना बनाई जाए, प्रतियोगियों के बीच का नज़रिया, उनके संघर्ष और उनके गठबंधन हमेशा दर्शकों को उत्साहित करते हैं।

**इतने सालों में, बिग बॉस के साथ आपका कनेक्शन कैसे विकसित हुआ है?**

कलर्स पर बिग बॉस के साथ मेरा सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। इतने सालों में, मैंने इस शो को न केवल भव्यता में, बल्कि लोकप्रियता में भी बढ़ते देखा है। दुनिया भर में लाखों भारतीयों के साथ जुड़ते हुए तर्कपूर्ण आवाज़ बनना ज़िम्मेदारी की बात है। शो का सबसे खास हिस्सा लोगों को बढ़ते और विकसित होते देखना है।

**इस सीज़न के लिए दर्शकों को आपका क्या संदेश है?**

अप्रत्याशित की प्रत्याशा रखें क्योंकि इस सीज़न में मनोरंजन का स्तर एक पायदान ऊपर होगा और हर टर्न पर रोमांचक ट्विस्ट होंगे। मैं वादा करता हूं कि यह एक अविस्मरणीय सफर होगा जिसे आप मिस नहीं करना चाहेंगे!

## उर्वशी रौतेला एक बार फिर हवाई अड्डे पर अपने स्पोर्टी टेनिस लुक से इंटरनेट पर छा गई



अपने बेबाक स्टाइल के लिए जानी जाने वाली उर्वशी रौतेला अपने आकर्षक और स्पोर्टी पहनावे से एक बार फिर सबका ध्यान खींचने में कामयाब रहीं। उर्वशी को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, हमेशा की तरह अभिनेत्री अपने ओओटीडी से हमें प्रभावित करने में असफल नहीं हुई और सभी का ध्यान खींचा। उर्वशी रौतेला को टेनिस से प्रेरित हॉल्टर नेक डीप नेकलाइन मिनी ड्रेस पहने देखा गया, जो उनकी टोंड काया को पूरी तरह से उजागर कर रही थी। नाइके के प्रतिष्ठित स्वूश लोगो से सजी सफेद पोशाक, एथलीजर फैशन का प्रतीक थी, जिसमें आराम और स्टाइल का सहजता से मिश्रण था। अपने स्पोर्टी लुक को पूरा करने के लिए, उर्वशी ने काले लंबे जूते चुने, जिन्होंने उनके आउटफिट में एक आकर्षक स्पर्श जोड़ा। स्पोर्टी ड्रेस और ट्रेंडी बूट्स के संयोजन ने एक अनूठा फैशन स्टेटमेंट तैयार किया, जो स्टाइल के मामले में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करता है। बेशक, कोई भी सेलिब्रिटी एयरपोर्ट लुक स्टाइलिश धूप के चश्मे के बिना पूरा नहीं होता है, और उर्वशी ने निराश नहीं किया।

## ज्योति ने मां के जन्मदिन पर तस्वीर पोस्ट की



आज अभिनेत्री ज्योति सक्सेना के लिए उसके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है, जो कि उसकी माँ का जन्मदिन है। जैसा कि हम हमेशा कहते हैं कि शब्द कभी यह व्यक्त नहीं कर सकते कि हमारी माँ हमारे लिए क्या मायने रखती हैं। इस खास दिन पर अभिनेत्री ज्योति सक्सेना ने अपनी मां के प्रति अपना प्यार और आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी माँ के सात एक प्यारी तस्वीर साझा की। ज्योति ने भी अपने विशेष दिन पर अपनी माँ के प्रति अपना प्यार व्यक्त किया क्योंकि उसने अपनी माँ को एक विशेष जन्मदिन का उपहार देकर आश्चर्यचकित किया, जिसे हम सभी बच्चे हमेशा चाहते हैं। ज्योति सक्सेना कहती हैं,मेरी माँ मेरी दुनिया है,वो मेरी ज़िन्दगी की सबसे बड़ी चीयर लीडर हैं। उनका प्यार मेरी सबसे बड़ी ताकत रही है। मैं बस अपनी माँ को धन्यवाद देना चाहूंगी कि उन्होंने हर मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और चढ़ाव, मेरे सपनों में विश्वास करने के लिए, और मुझे ज़िन्दगी का सही अर्थ सिखाने के लिए। मेरी माँ मेरे लिए भगवन से दिया हुआ सबसे बड़ा आशीर्वाद हैं।

## एक बॉलीवुड का उभरता सितारा पूजन



अभिनय की दुनिया में, विभिन्न पात्रों के बीच स्विच करने की क्षमता एक अभिनेता की प्रतिभा और बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण दर्शाता है। उसी में है एक बॉलीवुड का उभरता सितारे, पूजन छाबरा जिसने अधूरा वेब सीरीज में निनाद के इंटेंस, हॉन्टेड करैक्टर से दोनों में मजेदार, नासमझ और खुशमिजाज विलास में सफलतापूर्वक बदलाव करके अपनी काबिलियत एक कलाकार के रूप में साबित की है। पूजन ने इस परिवर्तनकारी यात्रा पर अपने अनुभव को साझा किया, एक अभिनेता के रूप में अपनी कला की चुनौतियों और खुशियों पर प्रकाश डालते हुए पूजन कहते हैं, अधूरा में निनाद का किरदार कुछ ऐसा है जिसने मेरे दिमाग में एक अलग छाप छोड़ी है क्योंकि वह किरदार बहुत इंटेंस, रॉ और डरावना था ,और यहां तक कि उसे देखने और करने के लिए भी मेंटली बहुत हिमत लगती थी। उस भयावह चरित्र में मुझे व्यक्तिगत रूप से मेंटली और फिजिकली चुनौती दी और यह किरदार निनाद का ऐसा था जिसे मैं लंबे समय तक मेरे साथ नहीं रखना चाहता था क्योंकि यह मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित कर रहा था। लेकिन मैं आभारी हूं कि मुझे जल्द ही दोनों में विलास की भूमिका मिल गई।

# मुश्किल में फंसी जान!



एण्डटीवी के शोज 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' का ड्रामा दर्शकों को मनोरंजन की पूरी खुराक देगा। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में यशोदा ने बताया, ''अरविंद (मयंक मिश्रा) दादाजी (सुनील दत्त) की चप्पल काट देता है, ताकि वे यशोदा के टी स्टॉल पर न जा सकें। इसके बावजूद दादाजी नंगे पैर चलते हैं और रास्ते में उन्हें तकलीफ होती है। बाजार में कृष्णा (आयुध भानुशाली) दादाजी को मालती (अनीता प्रधान) के साथ नंगे पैर चलते हुए देखता है और उनकी चप्पल ठीक करवाने की पेशकश करता है। कामिनी (प्रीती सहाय) यह सब देख लेती है और अरविंद को बता देती है, जिससे उसका गुस्सा बढ़ जाता है। यशोदा दादाजी की तकलीफ देखती है और परिवार द्वारा उनके साथ किये गये बुरे बर्ताव पर चिंतित हो जाती है। बाद में कृष्णा सभी को बताता है कि एक मोची ने कहा था कि किसी ने जान-बूझकर दादाजी की चप्पल तोड़ी है और सभी बुरा महसूस करते हैं। अब अरविंद दुकान पर आता है और यशोदा को रणधीर (दर्शन दवे) का नोटिस थमाता है, जिसमें पैसा लौटाने की बात कही गई है। वह यशोदा का अपमान भी करता है और उसकी चिंता बढ़ा देता है। रणधीर का कर्ज चुकाने के लिये यशोदा अपना मंगलसूत्र बेचना चाहती है, लेकिन कृष्णा उसे रोक देता है। घर पर सुरेश और मालती अपने खोये हुए एटीएम, ज्वैलरी और पैसे के बारे में पूछते हैं। अरविंद शांति से जवाब देता है और जताता है कि वह किसी भी हालत में उन्हें यशोदा की मदद नहीं करने देगा और वे दुखी हो जाते हैं।''

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) का परिवार घर पर एक पालतू कुत्ता रखने की इच्छा जताता है, लेकिन हप्पू इस बात को सिरे से नकार देता है और कहता है कि उसे कुत्ते बिलकुल पसंद नहीं हैं। उनकी जानकारी के बिना, एक आवारा कुत्ता घर के बाहर खड़ा उनकी बात सुन लेता है। इस बीच, कमिश्नर (किशोर भानुशाली) को अपराधी शाकाल का अंडरगारमेंट एक महत्वपूर्ण सबूत के रूप में मिलता है और वह अपनी टीम को कुत्तों के एक यूनिट की व्यवस्था करने का निर्देश देता है, ताकि शाकाल को पकड़ा जा सके। दुर्भाग्य से, उनकी कोशिशें बेकार जाती हैं, क्योंकि अभी पूरे डॉग स्क्वैड की ट्रेनिंग चल रही है। घर लौटते वक्त हप्पू का स्कूटर टूट जाता है और एक आवारा कुत्ता उसे काट लेता है और हप्पू में अजीब बदलाव होने लगते हैं। वह कुत्ते की तरह व्यवहार करने लगता है। यह देखकर हर कोई हक्का-बक्का रह जाता है। घटनाओं में ऐसे विचित्र मोड़ आने के बावजूद हप्पू ड्यूटी पर जाता है और कमिश्नर उसे कुत्ते जैसी सूंघने की ताकत का इस्तेमाल करने का आदेश देता है, ताकि शाकाल के अंडरगारमेंट से उस तक पहुँचा जा सके। इस बीच, कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और राजेश (गीतांजलि मिश्रा) हप्पू के कुत्ते जैसे व्यवहार को ठीक करने के लिये डॉक्टर से सलाह लेने जाती हैं। संभावित इलाज के तौर पर डॉक्टर उन्हें चैंकाने वाली बात कहता है और सलाह देता है कि पूरे परिवार को कुत्तों जैसा व्यवहार करने लग जाना चाहिये।''

एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में विभूति नारायण मिश्रा ने बताया, ''विभूति (आसिफ शेख) को एक अजीब सपना आता है, जिसमें वह यमराज है और अंगूरी (शुभांगी अत्रे) को किसी अपराध की सजा दे रहा है। इस अजीब सपने से उसे झटका लगता है और वह आधी रात को जाग उठता है और चिल्ला देता है। इस बर्ताव से अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) चिढ़ जाती है और उसे दूसरों की जिन्दगी में दखल देने से बचने की चेतावनी देती है। विभूति अब भी उस सपने से परेशान है और अप्रत्यक्ष रूप से अंगूरी को संकेत देता है कि उसे कोई अपराध नहीं करना चाहिये और अंगूरी हैरान हो जाती है। इस बीच तिवारी (रोहिताश्व गौड़) अंगूरी को खाने-पीने के सामान की एक लंबी लिस्ट देता है और बताता है कि उसका बिजनेस पार्टनर डिनर के लिये आने वाला है। इधर मॉडर्न कॉलोनी के पुलिस स्टेशन का नवीकरण हो रहा है और तिवारी पुलिस वालों को काम करने के लिये अस्थायी तौर पर अपना घर देने की पेशकश करता है। रात में तिवारी का बिजनेस पार्टनर डिनर के लिये आता है और अंगूरी को इतना सुना देता है कि वह अपना आपा खो बैठती है और अनजाने में उसे एक बर्तन से ऐसा मारती है कि वह मर ही जाता है। तिवारी और अंगूरी घबरा जाते हैं और तुरंत एक योजना बनाते हैं, ताकि लाश को नष्ट किया जा सके। विभूति उनका साथ देता है और अंगूरी को सलाह देता है कि वह बहस करे और गुस्से में घर छोड़ दे और उसके बैग में लाश होनी चाहिये! हालांकि उनकी योजना पर पानी फिर जाता है, जब दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) और कमिश्नर (किशोर भानुशाली) अचानक उनके घर पहुँच जाते हैं और उन्हें झटका लगता है।''

# नौ दिनों का त्यौहार, नवरात्रि!



नवरात्रि का अर्थ होता है नौ रातें और यह भारत के कई भागों में सबसे लोकप्रिय और व्यापक आधार पर मनाये जाने वाले हिन्दू त्यौहारों में से एक है। यह त्यौहार देवी दुर्गा की विजय की स्मृति में बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। गौरतलब है कि देवी दुर्गा ने भैंसे जैसे सिर वाले राक्षस महिषासुर से युद्ध किया था। अलग-अलग क्षेत्रों में नवरात्रि के रीति-रिवाज और परंपराएं अलग-अलग होती हैं, लेकिन उपवास रखना और गरबा नृत्य करना सभी में एक समान होता है। एण्डटीवी के कलाकार नवरात्रि मनाने के लिये बड़े उल्लास से अपनी योजानाएं बता रहे हैं। यह कलाकार हैं आयुध भानुशाली ('दूसरी माँ' के कृष्णा), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। 'दूसरी माँ' के कृष्णा, यानि आयुध भानुशाली ने बताया, ''गुजराती लोगों में हर साल नवरात्रि का जोश बेजोड़ होता है, सिर्फ मेरे लिये नहीं, बल्कि मेरे पूरे परिवार के लिये यह बात सही है। तैयारियाँ काफी पहले से शुरू हो जाती हैं। हमारे घर में हर कोई नौ दिनों का उपवास रखता है, लेकिन बच्चों को उपवास नहीं रखने दिया जाता है। हालांकि, शाम की आरती में भाग लेना और घर में खूबसूरती से सजाकर रखी मटकी के सामने गरबा करना हम सभी की परंपरा है। हम गरबा के लिये तड़क-भड़क वाले कपड़े पहनते हैं और मिलकर नाचते हैं, और इसमें मुझे बहुत मजा आता है और हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है। हम आस-पास के मैदानों में जाते हैं और पूरी रात दोस्तों के साथ गरबा करते हैं। यह यकीनन मेरे सबसे पसंदीदा त्यौहारों में से एक है, जिसे मैं अटूट समर्पण और उत्साह से मनाता हूँ।''

'हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा, ऊर्फ हिमानी शिवपुरी ने बताया, ''नवरात्रि के दौरान उत्तर और पश्चिम भारत में कई लोग उपवास रखते हैं। मेरी माँ और दादी लगातार नौ दिनों के लिये उपवास रखती थीं, क्योंकि यह समय आध्यात्मिक प्रगति करने और देवी माँ की ऊर्जा को जगाने या अपने शरीर और दिमाग को शुद्ध करने के लिये होता है। हम नौ दिनों तक नमक, मसूर की दाल, प्याज और लहसुन खाने से बचते थे। मेरी माँ के द्वारा पकाई जाने वाली हर चीज सात्विक होती थी। मैं अब नवरात्रि की उन परंपराओं और रिवाजों का पालन करती हूँ, जो मुझे मिले थे। बीते सालों में मुझे समझ आया है कि उपवास रखना अपने शरीर का शुद्ध करने का एक प्रभावी तरीका है। जब शरीर शुद्ध हो जाता है, तब दिमाग ज्यादा शांत रहता है, क्योंकि शरीर और दिमाग के बीच गहरा सम्बंध होता है। इसके अलावा पूरे नौ दिन तक एक दीया जलाया जाता है और मैं पूरा ध्यान रखती हूँ कि दीये में हर समय पर्याप्त घी या तेल रहे। मैं सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देती हूँ।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे ने बताया, ''मुझे त्यौहार पसंद हैं। मैं हाल ही में गणेश चतुर्थी मनाने के लिये इंदौर गई थी और अब नवरात्रि मनाने की तैयारी कर रही हूँ। मैं नवरात्रि के नौ दिनों में कम से कम एक बार मंदिर जाती हूँ और सात्विक खाना खाती हूँ। ऐसा माना जाता है कि नवरात्रि के हर दिन का एक खास रंग होता है, जो अनोखेपन का प्रतीक होता है और मैं हर दिन के लिये अपने कपड़ों को उस दिन के तय रंग वाला रखने की कोशिश करती हूँ। इस साल मैं अपनी सोसायटी में डांडिया और गरबा नाइट्स का मजा लेने के लिये वक्त भी निकालूंगी। मैं सभी को खुशियों से भरी और समृद्ध नवरात्रि की दिल से



# नये-नये फूड्स को चखने के अपने अनुभव बता रहे हैं टेलीविजन कलाकार!

भोजन के प्रति भारत के वास्तविक प्रेम को पाककला की एक समृद्ध विरासत के साथ मनाया जाता है, जो दुनिया भर के लोगों के स्वादेंद्रियों को संतुष्ट करती है। इस देश में विभिन्न प्रभावों को अपनाते हुये ऐसे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किये जाते हैं, जो आधुनिक और वैश्विक स्वाद से मेल खाते हैं। वर्ल्ड फूड डे बस आने ही वाला है और इस खास मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने पाककला से जुड़ी कुछ रोमांचक कहानियों के बारे में बताया और साथ ही असाधारण एवं अपारंपरिक फूड पेयरिंग्स के बारे में बात की, जिनका आनंद उन्होंने अपनी हालिया यात्राओं के दौरान उठाया था। इन कलाकारों में शामिल हैं मोहित डागा ('दूसरी मां' के अशोक), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी)।

मोहित डागा ऊर्फ 'दूसरी मां' के अशोक ने कहा, ''मैं हाल ही में कोलकाता गया था और आप कोलकाता जायें और वहां के मशहूर रसगुल्लों को खाने का अवसर गंवा दें, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। हालांकि, मेरे इस अनुभव ने उस समय एक अनापेक्षित मोड़ ले लिया, जब मेरे एक दोस्त ने मुझे एक अनूठे स्टॉल पर 'रसगुल्ला चाय' पीने के लिये जोर दिया। मीठे और चाय दोनों का ही शौकीन होने के नाते, मैं उत्सुक होने के साथ ही शंका में था। हालांकि, मुझे हैरानी हुई कि यह पारंपरिक कॉम्बो उतना भी कमाल का नहीं था। जब मैंने कोलकाता की एक प्रसिद्ध दुकान में जाकर रसगुल्ले खाये, तब जाकर मिठाईयों और चाय के स्वाद को लेकर खुद को संतुष्ट कर पाया।''

'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, यानि गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''खान-पान के लिये अपने शौक के चलते मुझे अक्सर पाककला की नई रचनाओं के साथ प्रयोग करने में मजा आता है। हालांकि, हर कोशिश भाने वाली नहीं होती है। एक बार शूटिंग से लौटते वक्त मैं एक वायरल वीडियो में खो गई थी, जिसमें ललचाने वाले चॉकलेट सैण्डविच के बारे में बताया गया था। मुझे ऑनलाइन सोर्सेस से इसके बारे में पहले से पता था, लेकिन निजी तौर पर मैंने कभी इस बेहतरीन चीज का स्वाद नहीं चखा था। चॉकलेट से भरी ब्रेड, जिसे परफेक्ट तरीके से टोस्ट किया गया हो और अच्छी-खासी आइसक्रीम से सजाया गया हो, के मुँह में पानी लाने वाले मिश्रण से रोमांचित होकर मैंने अपना चॉकलेट सैण्डविच बनाना शुरू किया। बदकिस्मती से, मेरी कोशिश ने एक आकस्मिक मोड़ ले लिया। मैंने अच्छे से मक्खन लगाया, चॉकलेट के घुलने वाले टुकड़े डाले, मिश्रण को टोस्ट किया और आखिरकार उसे आइसक्रीम से सजाया, लेकिन इतनी कोशिशों के बावजूद नतीजे में मुझे वह नहीं मिला, जो मैं चाहती थी।

# कांग्रेस ने दंतेवाड़ा विधान सभा से छबिन्द्र कर्मा को दिया टिकिट

## कर्मा परिवार में इस बार छबिन्द्र को टिकिट दिए जाने से कोई नाराजगी नहीं

**दंतेवाड़ा विधान सभा में सरकार ने बहुत से विकास कार्य किए हैं निश्चिम तौर पर जनता का एक बार पुनः आशीर्वाद कांग्रेस को मिलेगा, छबिन्द्र कर्मा ही जीतेंगेः अवधेश गौतम**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 अक्टूबर।** लंबे इतजार के बाद आखिरकर कांग्रेस ने आज नवरात्रि के पावन शुभ अवसर पर अपने 30 प्रत्याशियों की पहली सूची आज जारी कर दी। दंतेवाड़ा विधान सभा की बात करें तो यहां किसको टिकिट मिलेगा इसको लेकर लोगों में कौतुहल बना हुआ था कोई कह रहा था कि देवती कर्मा को पुनः टिकिट मिलेगा तो कोई कह रहा था कि इस बार छबिन्द्र कर्मा को टिकिट दिया जाएगा। इन सबके बीच धुंध हट चुका है और पार्टी ने देवती महेंद्र कर्मा के पुत्र छबिन्द्र कर्मा पर भरोसा जताते हुए उन्हें अपना अधिकृत प्रत्यशी



बनाया है। छबिन्द्र को टिकिट दिए जाने का कोई विरोध भी परिवार के अंदर दिखाई नहीं दे रहा है। कह सकते हैं कि परिवार के अंदर भी छबिन्द्र के नाम पर सहमति बनी है। टिकिट मिलने के बाद अब दंतेवाड़ा कांग्रेस पार्टी छबिन्द्र को जीताने के लिए जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक अपने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देने में लग गई है। छबिन्द्र को टिकिट दिए जाने से पार्टी में खासकर युवा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने छबिन्द्र कर्मा के नाम घोषित किए जाने के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

गौरतलब है कि छबिन्द्र कर्मा बस्तर के कद्दावर नेता महेंद्र कर्मा के सबसे छोटे पुत्र हैं। दंतेवाड़ा विधानसभा में दशकों से कांग्रेस पार्टी की ओर से कर्मा परिवार का दबदबा रहा है। महेंद्र कर्मा के शहीद होने के बाद उनकी धर्म पत्नि देवती कर्मा को पार्टी ने तीन बार टिकिट दिया था वर्ष 2018 में भी देवती कर्मा को ही टिकिट दिया गया था लेकिन वे जीत नहीं पाई थी हालांकि बाद में उपचुनाव में उनकी जीत हो गई थी और वे विधायक बनी थीं। छबिन्द्र कर्मा की बात करें तो वे भी पिछले 3 बार से दावेदारी पेश करते रहे हैं लेकिन उन्हें पार्टी ने मौका अब तक नहीं दिया था। पार्टी ने उन्हें हर बार आश्वासन दिया था कि अगली बार आपको मौका देंगे। आखिरकार पार्टी ने अपना वचन निभाते हुए इस बार के चुनाव में छबिन्द्र कर्मा को टिकिट दे दिया है। हालांकि छबिन्द्र के लिए यह चुनाव इतना आसान रहने वाला नहीं क्योंकि भाजपा से चैतराम अटामी प्रत्याशी हैं और उनकी भी इलाके में अच्छी खासी पकड़ है इस लिहाज से देखें तो टक्कर जबरजस्त रहेने वाला है। पिछले बार देवती कर्मा व ओजस्वी मंडावी में टक्कर था लेकिन इस बार दोनों ओर पुरूष प्रत्याशी मैदान में है। छबिन्द्र कर्मा को टिकिट मिलने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने अपनी प्रतिक्रिया देते कहा है कि संगठन ने अपनी सूची में युवा चेहरे को मौका देने तथा छबिन्द्र कर्मा को टिकिट दिए जाने की मांग की थी। जिस पर पार्टी ने विश्वास जताते हुए युवा चेहरा छबिन्द्र कर्मा पर भरोसा जताते उम्मीदवार बनाया है। श्री गौतम ने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट है। पार्टी बूथ स्तर तक मजबूती से खड़ी है। हमारी सरकार ने बीते 5 सालों में जो सैकडों जलकल्याणकारी कार्य किए हैं । जनता यह जानती है। विकास ही हमारा पैमाना व मूलमंत्र रहा है और हम दंतेवाड़ा विस में हुए तमाम विकास कार्यो के दम पर ही जनता से वोट मांगेंगे । दंतेवाड़ा विधानसभा में भुपेश सरकार ने बहुत से विकास कार्य किए हैं। दंतेश्वरी कॉरीडोर, रीवर फ्रंट का काम प्रगति पर है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता हमारी सरकार दे रही है। क्षेत्र में हुए तमाम विकास कार्यो को लेकर हम एक बार पुनः जनता के बीच जाएंगे और पूर्ण विश्वास है कि जनता का आर्शीवाद हमारे प्रत्याशी को मिलेगा और इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी का ही प्रत्याशी जीतेगा। भाजपा के पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है।

## एक नजर

### नगर पालिका परिषद में लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**सुकमा,15 अक्तूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस के निर्देशानुसार एवम् जिला पंचायत सीईओ श्री डी एन कश्यप के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद सुकमा में शहरी क्षेत्र के शालेय छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए श्रमिकों को जागरूक किया गया। श्रमिकों को अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

### चेकिंग के दौरान बस में सवार व्यक्ति से 5.77 लाख कैश बरामद

**सुकमा 15 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संचालन हेतु चुनाव आयोग द्वारा जारी आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा श्री किरण चव्हाण के द्वारा अपने अधिनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। तोंगपाल पुलिस तथा विधान सभा चुनाव 2023 एस.एस. टी. दल तोंगपाल के द्वारा लगातार एस.एस. टी. गांध नाका तोंगपाल में अवैध वस्तुएं तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश मरकाम के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोंगपाल श्रीमती पारूल खण्डेलवाल के पर्यवेक्षण में एस.एस.टी चल तोंगपाल के जांच के दौरान दिनांक 13.10.2023 को लगभग 11.10 बजे रात कोटा से रायपुर जाने वाली रायल बस क्रमांक सी. जी. 04 एन. बी. - 3665 में सवार श्री चंदेश कुमार गांधी पिता रामेश्वर गांधी उम्र 32 वर्ष निवासी मेन रोड़ दोरनापाल ने अपने कब्जे में 5,77,500.00 रखकर परिवहन करते पाया गया। उक्त व्यक्ति को रकम कब्जे में रखने की वैधता के संबंध में पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया न ही कोई वैध दस्तावेज पेश किया।

### शाउमावि अंवरी में छात्राओं को दिया जा रहा कराटे प्रशिक्षण

**अंवरी 15 अक्टूबर।** महिला सशक्तिकरण का समय है अब महिलाएं पुरुषों से कोई कम नहीं है महिला पुरुष में भेदभाव खत्म हो चुका है महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन चुकी है आज कल महिलाए राष्ट्रपति ,राज्यपाल जैसे बड़े सम्माननीय पदों पर आसीन हैं सभी क्षेत्रों में चाहे वह मेडिकल , शिक्षा ,विज्ञान ,तकनीकी व अन्य सभी क्षेत्रों में हो महिलाएँ कामयाबी की ऊंची उड़ान उड़ रही है और पीछे रहना नहीं चाहती है। देश के सुरक्षा की कमान पुरुष के साथ महिलाओं पर भी बराबर की भागीदारी है महिला सशक्तिकरण के इस दौर में छात्रा भी आत्मनिर्भर बंन देश की सेवा करना चाहती है और इसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी की छात्राएं अपनी कमर कस लिये है। अपने सुरक्षा व आत्मनिर्भरता व सशक्त बनने कराटे का प्रशिक्षण लेकर आत्मरक्षा के गुर सीख रहे हैं। कराटे का प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी के छात्रों को मास्टर ट्रेनर श्री ताम्रध्वज साहू द्वारा दिया जा रहा है ,वह छात्रों को इसके लिए मोटिवेट भी कर रहे हैं पहले दिन उन्होंने पंच के बारे में जानकारी दिया अपनो को बचाने व सुरक्षा के लिए कराटे द्वारा कैसे अटैक करें।



**सुकमा 15 अक्टूबर।** आदर्श आचार संहिता लागू होने को बाद खुले आम उल्लंघन। कोडरीपाल में दिखा सरकार पक्ष का होडिग्स आखिर क्यों किया जा रहा है उल्लंघन गोधन वर्मी कम्पोस्ट खाद का प्रचार प्रसार।

# सीआरपीएफ ने तुंगल बांध तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,15 अक्टूबर।** शनिवार को सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के द्वारा नगर के तुंगल बांध तालाब के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा की लिए आम जनों को प्रेरित किया। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी पवन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण, उपकमाण्डेन्ट टी. सैमसन राजू , सहायक कमाण्डेन्ट ज्ञानेश प्रताप सिंह, निरीक्षक संतोष साहू, वन परिक्षेत्र अधिकारी गुलशन साहू, अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद थे। जिले के नक्सल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सीआरपीएफ ऑपरेशन चल रही है तो, वहीं दूसरी ओर सामाजिक जनसरोकार कर से जुड़ी कार्यों में भी सीआरपीएफ



आगे रहती है। जिसकी सराहनी स्थानीय लोगों के द्वारा भी की जा रही है, क्योंकि सीआरपीएफ के द्वारा लगातार सुकमा जिला मुख्यालय के अलग-अलग सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलकर नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, जिसके चलते जिला मुख्यालय के बाजारपारा स्थित सभा स्थल के मैदान, अन्य स्थलों में सड़कों की आसपास जंगल झाड़ियां का साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश देने का काम कर रहे हैं, साथ ही इसके अलावा आने वाले दिनों में इन स्वच्छता अभियान चलाए वाले स्थलों पर पौधारोपण करने की भी तैयारी सीआरपीएफ के अधिकारियों के द्वारा की गई है, ताकि पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा दोनों को लेकर आम जनों को भी संदेश देने के साथ-साथ हर व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना के मकसद से यह अभियान चलाया जा रहा है।

कमाण्डेन्ट रतिकान्त बेहेरा ने बताया कि सीआरपीएफ नक्सली क्षेत्र में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने के साथ-साथ जन सरकार से जुड़ी कार्यों में भी तत्परता से आगे रहती है, उन्होंने कहा कि सुकमा नगर पालिका क्षेत्र में लगातार विभिन्न वार्डो एवं सार्वजनिक स्थलों में लगातर स्वच्छता अभियान चला कर आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों के साफ-सफाई अभियान किया गया है उन स्थलों पर विगत कुछ दिनों में ही पौधारोपण किया जाएगा एवं पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है, उन्होंने कहा की स्वच्छता अभियान के साथ-साथ पर्यावरण की महत्व को आम जनों तक बताने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए सभी समाज के लोग जुड़कर इस पर्यावरण की समावेश को बनाए रखने में सहयोग करें।

# सभी खरीदी जेम पोर्टल से ही करने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 37 अक्टूबर।** एनएमडीसी लिमिटेड,बचेली कॉम्प्लेक्स के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा दिनांक 12-10-2023 को जेम के सहयोग से परियोजना प्रमुख श्री बी. वेंकटश्वरलु , अधिशासी निदेशक के मागदर्शन तथा श्री पी. ब्राइन एन्टोनी, महाप्रबंधक (सामग्री) के नेतृत्व में जेम आधारित जागरुकता कार्यक्रम का पूर्ण दिवसीय आयोजन किया गया। मुख्यत~ अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला स्वा?मित्व अधीन सूक्ष्म लघु उद्यमियों पर केन्द्रित इस आयोजन का ध्येय था कि सभी प्रकार की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से की जा सके। सामग्री क्रय पूर्ण रूप से जेम से संचालित हो रहा है परन्तु सेवा क्रय के क्षेत्र में इसका क्रियान्वयन सुचारू रूप से प्रारंभ नही हो पाया है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख श्री बी.वेंकटश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने उपस्थित सभी विक्रेताओं को इस बात से अवगत कराया कि एनएमडीसी का यह प्रयास है कि भविष्य में सभी प्रोक्यूरमेंट जेम के माध्यम से ही सम्पन्न किए जायेंगे। जेम की भूमिका न सिर्फ क्रय बल्कि सेवाओं में भी समान रुप से महत्व पूर्ण होगी।

उन्होंने सभी वेन्डरों से अनुरोध किया कि वे शीघ्र अतिशीघ्र त्नद्गरू पोर्टल में अपना पंजीयन करा लेवें एवं इस संबंध में हर प्रकार की सहायता एनएमडीसी द्वारा उन्हें मुहैया करवाई जाएगी। श्री अमित उपाध्याय फैसिलिटेटर, छत्तीसगढ़ (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) द्वारा सभी विक्रेताओं को त्नद्गरू पोर्टल में पंजीकरण प्रक्रिया एवं त्नद्गरू पोर्टल के माध्यम से निविदाओं में भाग लेने की विधि से अवगत कराया गया और उनकी शंकाओं/मुद्दों का भी समाधान किया गया। सभी उपस्थित विक्रेताओं ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# व्यय प्रेक्षक ने ली अनुवीक्षण,वीडियो निगरानी और मीडिया अनुवीक्षण अधिकारियों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,15 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान सुकमा व्यय प्रेक्षक श्री राजीव रंजन कुमार ने शनिवार को व्यय अनुवीक्षण और मीडिया अनुवीक्षण, एसएसटी वीएसटी के अधिकारियों का बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान इन कक्षों में पहुंचकर व्यय अनुवीक्षण और मीडिया अनुवीक्षण का कार्य के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही यहां कार्यकर रहे कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी ली ।

उन्होंने इसके साथ ही सभाकक्ष में वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्यों की बैठक में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिया। श्री रंजन ने कहा कि स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों के व्यय की सीमा निर्धारित की गई है तथा इन सभी दलों और समितियों के समन्वित कार्य, प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्यवाही के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बैंक में दस



लाख से अधिक से प्रत्येक लेन-देन की जानकारी प्रदान करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

श्री रंजन ने कहा कि मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति सभी अखबार, टेलीविजन चैनल के साथ ही स्थानीय केबल टीवी, अखबारों के साथ बांटे जाने वाले पाम्पलेटों पर भी नजर रखा जाएगा । उन्होंने अभ्यर्थियों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री तथा नगद राशि वितरण की निगरानी के लिए वीडियो टीम के उपयोग पर भी जोर देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### चुनाव के मद्देनजर जवानो ने प्रशासन के संग मिलकर बचेली-किरंदुल में फ्लैग मार्च किया



**बचेली 15 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव 2023 के पहले चरण में बस्तर संभाग की नक्सलग्रस्त जिलों में पहले चरण में चुनाव सम्पन्न होंगे.जिसको देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था दंतेवाड़ा जिले में बढ़ा दी गई है. चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस बल, सीआईएसएफ व प्रशासनिक अमला के द्वारा संयुक्त रूप से आज बचेली व किरंदुल शहर में किया गया फ्लैग मार्च आगामी विधानसभा चुनाव- 2023 को सुचारू रूप से संपन्न करवाने, जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करने, भयमुक्त वातावरण निर्मित करने व आम मतदाता को स्वतंत्र ,निर्भीक होकर लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को मनाने के लिए अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डालने आम जनता को जागरूक एवं आदर्श आचार संहिता के पालन करने के उद्देश्य से एसडीएम विवेक चंद्रा, एसडीओपी कपिल चंद्रा, तहसीलदार महेश कुमार कश्यप, व भारी संख्या में जिला बल, ष्ट्रढ्ढस्स्न बल, प्रशासनिक अमला द्वारा बचेली एवं किरंदुल में फ्लैग मार्च निकाल कर आम लोगों व मतदाताओं को जागरूक किया गया।

### किरण देव का सुकमा भाजपा कार्यकर्तओं ने स्वागत किया



**सुकमा 15 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर के प्रत्याशी किरण सिंह देव भाजपा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद अपने गृह निवास सुकमा पहुँचकर रामारामिन चिटमिटींन अम्मा देवी का दर्शन कर माता टेका आशिर्वाद लिया उसके पश्चात भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे कोंटा विधानसभा प्रत्याशी सोयम मुक्का सहित भाजपा कार्यकर्ता किरण देव को भव्य स्वागत किया । भाजपा जगदलपुर के प्रत्याशी किरण देव ने कहा इस बार प्रदेश में फिर से बीजेपी के सरकार बन रहा है अगले 7 नवंबर व 17 नवम्बर को जनता अपना मत दे कर बनायेगी सरकार 3 दिसंबर को भाजपा की सरकार प्रदेश में बन रही है 5 साल से कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नही किया है जो विकास हुआ है भाजपा के 15 साल में हुआ है । फिर से इस बार 2023 में भाजपा की सरकार प्रदेश में बनने जा रही है और कोंटा विधानसभा इतिहास रच रही है । स्वागत में सामिल रहे भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, कोंटा विधानसभा प्रत्याशी सोयम मुक्का, जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, धर्मेंद्र भदौरिया, जिला मंत्री दिलीप पेद्दी, मड़कम भीमा, राधा नायक जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता किये ।

### विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस-प्रशासन अलर्ट, किया गया फ्लैग मार्च

**सुकमा, 15 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही सुकमा जिले में पुलिस व जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। विधानसभा चुनाव के मौके पर जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ निष्पक्ष, निर्भीक और



भयमुक्त चुनाव करवाने के उद्देश्य से पुलिस और प्रशासन की ओर से शनिवार को संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी कर्मचारीगण शामिल हुए। विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के लिए 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसी को देखते हुए पूरे जिले में पुलिस-प्रशासन काफी सतर्क हो गया है। विधानसभा चुनाव के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होते ही गठित एसएसटी एवम् एफएसटी की टीम गठित की गई है। जो निरंतर रूप से वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

## टीचर्स एसोसिएशन ने मतदान दल सम्बंधी समस्याओ पर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

# पदोन्नति संशोधन, कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी व वेतन भुगतान पर स्पस्ट आदेश जारी करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मतदान दल डयूटी के विसंगतियों पर अपना पक्ष ज्ञापन के माध्यम से रखा कलेक्टर महोदय की ओर से डिप्टी कलेक्टर श्री कमलकिशोर ने ज्ञापन स्वीकार किया चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि मतदान दल में स्कूल शिक्षा विभाग के कई व्याख्याता गण व पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों को मतदान अधिकारी क्रमांक तीन का दायित्व दिया जाता है, जो उचित प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि व्याख्याता व प्रधान पाठक द्वितीय श्रेणी राजपत्रित पद है। अतः व्याख्याता व प्रधान पाठकों



को पदानुरूप दायित्व दिया जावे। मतदान दल में दिव्यांग व 60 साल से अधिक उम्र के शिक्षकों को भी शामिल कर दिया गया है जिसमे राहत प्रदान किया जाए जिले के कई शिक्षकों कर्मचारियों व अधिकारियों की डयूटी एक से अधिक चुनावी दायित्व के लिए लगाया गया है, जिसके कारण वे परेशान हैं, अतः एक ही दायित्व दिया जावे टीचर्स एसोसिएशन ने मांग रखा है कि यदि महिला शिक्षकों व कर्मचारियों की डयूटी लगाया जाता है, तो उन्हें कार्यस्थल के निकटतम मतदान केंद्र में दायित्व दिया जिला सचिव नोहर साहू ने बताया कि कई शिक्षकों कर्मचारियों की नौकरी दिव्यांगता के आधार पर ही लगी है जिसका उल्लेख नियुक्ति के समय से ही उनकी सेवा पुस्तिका में इंद्राज है ऐसे शिक्षको की भी हर चुनाव में ड्यूटी लगा दी जाती है जिसके कारन प्रत्येक चुनाव में अपना दिव्यांगता का प्रमाण पत्र व आवेदन लेकर कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ता है जो उचित नही लगता साथ ही पदोन्नति संसोधन मामले में पीड़ित शिक्षकों के मतदान दल में ड्यूटी साथ ही वेतन भुगतान के सम्बंध में स्पस्ट दिशा निर्देश जारी करने हेतु आग्रह किया गया है जिस पर डिप्टी कलेक्टर महोदय द्वारा इस विषय मे जिलाधीश महोदय से चर्चा कर शीघ्र ही उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।इस दौरान प्रमुख रूप से प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, कमल रावत, सूर्यकान्त सिन्हा जिलाध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला महिला मोर्चा अध्यक्ष शैनी रविन्द्र, सचिव नोहर साहू जिला पदाधिकारी जी.आर.नाग, पोरस बिंझेकर, कोकिला ठाकुर खोमेंद्र देवांगन,अमित देवनाथ, शिव नेताम सुशोमन्त दास व अन्य साथी उपस्थिति रहे।

## एक नजर

### अग्रवंशजो के भगवान अग्रसेन की निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**पत्थलगांव, 15 अक्टूबर।** अग्रवंशजो द्वारा अपने भगवान अग्रसेन की जयंती आज धूमधाम से मनायी जायेगी। ढोल ताशो की धुन पर अग्रवंशज शहर के तीनो मार्गो का भ्रमण कर शोभा यात्रा निकालेंगे। देर शाम यहा स्नेहामंत्रण का आयोजन किया गया है,जिसमे मुख्यअतिथी के रूप मे डॉ एन.के.अग्रवाल वरिष्ठ सलाहकार छ.ग. युवा अग्रवाल मंच रायपुर,विशिष्ट अतिथी चरण सिंह अग्रवाल मुख्य सरंक्षक अखिल भारतीय प्रांतीय अग्रवाल सम्मेलन विश्रामपुर एवं बेहद गरिमामयी कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल करेंगे। अग्रवाल नवयुवक समिती ने दिन रविवार को होने वाले सभी कार्यक्रमो की तैयारियां पूरी कर ली है,दिन रविवार को सुबह से ही अग्रसेन भवन मे अनेक खेलकुद की प्रतियोगिताओ का शुभारंभ कर दिया जायेगा। आज का दिन समिती ने बुजुर्गो के नाम रखा है,उनके लिए ताश शीप रस्सा खिंच जैसी प्रतियोगितायें आयोजित करायी जायेंगी। दोपहर पश्चात शोभायात्रा निकाली जायेगी,जिसके लिए नवयुवक समिती ने नगरीय प्रशासन से मिलकर यातायात व्यवस्था एवं वाहनो का रूट चार्ट तैयार करा दिया है। अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर भी भवन मे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराये गये थे। दिन शुक्रवार की देर शाम यहा बॉलीवुड नाईट एवं लजीज व्यंजनो का आंनद मेला आयोजित किया गया था,लजीज व्यंजनो के साथ-साथ बच्चो ने यहा विभिन्न प्रकार के गेम भी स्टॉलो मे लगाये थे। आनंद मेला की शुरूवात से पहले अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल,सचिव प्रयागराज अग्रवाल,महिला मंडल अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल,सरोज गर्ग, नवयुवक समिती अध्यक्ष हैप्पी गर्ग,अंकित बंसल,शिखर बंसल,सारांश अग्रवाल के अलावा अग्रकुल के दर्जनो युवक युवतीयां एवं महिला पुरूषो की मौजुदगी मे रिबन काटकर मेला की शुरूवात करायी गयी थी।।

**पनीर चिल्ली ने पाया पहला स्थान-** अग्रसेन भवन मे आयोजित आनंद मेला मे अनेक लजीज पकवान के स्टॉल लगाये गये थे,जिसमे पनीर चिल्ली,फिंगर चिप्स,चाउमिन के स्टॉल मे सबसे अधिक ब्रिकी होने पर उन्हे पहला स्थान दिया गया। इस स्टॉल का संचालन श्रीमति सुमन जितेन्द्र गोयल,प्रिया नटवर सिंघल एवं पुष्पा अरूण मित्तल द्वारा किया गया। दूसरे स्थान पर दाबेली/पावभाजी का स्टॉल रहा,तीसरे स्थान पर देहाती बडा एवं कटलेट के स्टॉल ने बाजी मारी।

### रायगढ़ जिले के 50 वें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने किया पदभार ग्रहण

**रायगढ़, 15 अक्टूबर।** रायगढ़ जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट में जिले के 50 वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टाइलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव पांडेय, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2010 बैच के अधिकारी हैं और इसके पूर्व संचालक, पंचायत के पद पर पदस्थ थे। वे कलेक्टर बेमेतरा, बलोदा बाजार व महासमुंद के पद पर भी रहे हैं।



### देलारी जंगल में अवैध शराब का बड़ा जखीरा नष्ट



रायगढ़, 15 अक्टूबर। आगामी विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर रायगढ़ श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कुरोड़ोंगी जंगल (देलारी) में नाले के किनारे छापामार कार्यवाही की गई। अवैध शराब निर्माण का बड़ा अड्डा नष्ट किया गया। कार्यवाही में 50 लीटर क्षमता वाले तीन ड्रम में 150 लीटर, 15 लीटर क्षमता वाले पांच ड्रम में 75 लीटर, पांच लीटर क्षमता वाले चार जरीकेन में 20 लीटर कुल 245 लीटर अवैध रूप से आसवित महुआ शराब और 27 ड्रामों में प्रत्येक में 100-100 किलोग्राम कुल 2700 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। कार्यवाही आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर प्रभारी हाबिल खलखो द्वारा की गई।


### दुर्गा पंडाल समितियों की बैठक लेकर आचार संहिता की दी गई जानकारी

**रायगढ़, 15 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिले के सभी एसडीएम व पुलिस अधिकारियों द्वारा आगामी त्यौहारों के मद्देनजर दुर्गा पंडाल आयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। रायगढ़ में एडिशनल एसपी श्री संजय महादेवा व एसडीएम श्री गगन शर्मा ने बैठक ली।

## धरमजयगढ़ संभाग का लोक निर्माण विभाग बढ़ा रहा त्यौहार में मुसीबत

# सड़क पर डाली गई गिट्टी से लोग हो रहे चोटिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 15 अक्टूबर।** इंदिरा चौक के करीब से गुजरी लोक निर्माण विभाग धरमजयगढ उपसंभाग की सडक इन दिनो शहर के लोगो के लिए बडी आफ्त बन चुकी है। बारिश से पूर्व ही इस सडक मे भयंकर जानलेवा गडढे बन गये थे,पूरी बारिश भर शहर के लोगो ने जानलेवा गडढो का दंश झेला अब कही जाकर लोक निर्माण विभाग ने इन गडढो मे सुखी गिटटी भर तो दी,परंतु यह शहर के लोगो के लिए एक बडी आफ्त बनकर आ गयी है,इस मार्ग मे चलने वाली बडी वाहनो के चक्के से सुखी गिटटी छिटककर अनेक राहगीरो के अलावा कुछ वाहन चालको को भी चोटिल कर चुकी है। गिटटी डलने के बाद से ही हर दिन लोग घायल हो रहे है,इधर सुखी गिटटी सडक मे डलने से उसमे से उठने वाली धूल शहर के भितर रहना मुश्किल कर रखी है,कुल मिलाकर धरमजयगढ उपसंभाग का लोक निर्माण विभाग शहर के लोगो की जान पर आफ्त बना हुआ है। बार-बार जर्जर मार्ग की शिकायत होने के बाद भी उपसंभाग ने शहर के भितर की इस सडक मे नागरिको को राहत पहुंचाने वाला कोई कार्य नही किया। लिहाजा अब इंदिरा चौक से लेकर नंदनझरिया तक रहने वाले लोग इस मार्ग मे चलने से जान जोखिम मे डालना समझ रहे है। पिछले दिनो सार्वजनिक मंच से इस मार्ग का सुधार कार्य ना होने की स्थिती मे चक्का जाम करने जैसा बडा निर्णय भी लिया गया है,मगर राज्य शासन की इतनी बडी आर्थिक क्षति का पहले से आभास हो जाने के बाद भी धरमजयगढ उपसंभाग का लोक निर्माण विभाग अब तक सडक की मरम्मत या सुधार कार्य मे कोई पहल नही कर पाया है।।

**दो जिम्मेदार अधिकारी निलंबित-**:दरअसल इंदिरा चौक से लेकर धरमजयगढ होते हुये हाटी पहुंच मार्ग तक सडक बनाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की थी,परंतु इस कार्य को करने वाले ठेकेदार ने शुरू से ही मार्ग मे घटिया कार्य को अंजाम दिया। यही कारण है कि इंदिरा चौक से लेकर हाटी पहुंच मार्ग की शिकायत सी.एम तक पहुंच गयी थी,जिसके बाद जांच के आदेश निकाले गये,जिसमे धरमजयगढ लोक निर्माण विभाग उपसंभाग के प्रभारी कार्यपालन अधिकारी आर.के.खांबरा एवं अनुविभागीय अधिकारी एस.के बरवा को अमानक स्तर का कार्य कराने के कारण पद से निलंबित कर दिया गया है।।

## रोमांचित कर देने वाले क्रिकेट में सेलेस्टी सुपर किंग्स का कब्जा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,15 अक्टूबर।** अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित आई.पी.एल की तर्ज पर क्रिकेट प्रतियोगिता का जलवा दिन गुरूवार को देखते ही बन रहा था,इस प्रतियोगिता को देखने मानो पूरा अग्रवाल समाज अग्रसेन भवन पहुंचा हुआ था। छोटे बच्चे से लेकर युवक एवं बडे पुरूशो ने भी इस प्रतियोगिता मे भाग लिया।दिन गुरूवार से पूर्व प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाडियों की नीलामी प्रक्रिया पूरी करायी गयी थी,जिसमे 50 हजार से लेकर 3 लाख रूपये तक खिलाडीयों की बोली लगी थी। एक टीम कैप्टन द्वारा पांच लाख खर्चकर टीम के लिए 6 खिलाडी खरीदे गये थे। दिन गुरूवार को सुबह से ही क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हो चुका था। 14 टीमो के बीच 7 राउंड प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी,जिसमे सेलेस्टी सुपर किंग्स एवं वीरो के वीर ने फायनल मे अपनी जगह बनायी थी,इस पूरी प्रतियोगिता मे मजेदार बात यह रही की छोटे कद काठी के बच्चो का खेल काफी सराहनीय था। सेलेस्टी सुपर किंग्स के युवको ने वीरो के वीर को मात् 1 रन से हरा तो दिया परंतु दर्शकों की वाहवाही वीरो के वीर ने ही लूटी। दर्शकों ने इस टीम के बालको के खेल की काफी प्रशंसा की। दर्शकों का मानना था कि छोटे बच्चों ने अपने खेल का प्रदर्शन भलीभांति करते हुये अपने से कही बड़ी उम्र के युवको के दांत खट्टे कर दिये।।

## अग्रसेन जयंती में म्युजिकल अंताक्षरी की धूम रही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,15 अक्टूबर।** अग्रसेन

**पत्थलगांव।** अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित आई.पी.एल की तर्ज पर क्रिकेट प्रतियोगिता का जलवा दिन गुरूवार को देखते ही बन रहा था,इस प्रतियोगिता को देखने मानो पूरा अग्रवाल समाज अग्रसेन भवन पहुंचा हुआ था। छोटे बच्चे से लेकर युवक एवं बडे पुरूशो ने भी इस प्रतियोगिता मे भाग लिया। दिन गुरूवार से पूर्व प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाडियों की नीलामी प्रक्रिया पूरी करायी गयी थी,जिसमे 50 हजार से लेकर 3 लाख रूपये तक खिलाडीयों की बोली लगी थी। एक टीम कैप्टन द्वारा पांच लाख खर्चकर टीम के लिए 6 खिलाडी खरीदे गये थे। दिन गुरूवार को सुबह से ही क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हो चुका था। 14 टीमो के बीच 7 राउंड प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी,जिसमे सेलेस्टी सुपर किंग्स एवं वीरो के वीर ने फायनल मे अपनी जगह बनायी थी,इस पूरी प्रतियोगिता मे मजेदार बात यह रही की छोटे कद काठी के बच्चो का खेल काफी सराहनीय था। सेलेस्टी सुपर किंग्स के युवको ने वीरो के वीर को मात् 1 रन से हरा तो दिया परंतु दर्शको की वाहवाही वीरो के वीर ने ही लूटी। दर्षको ने इस टीम के बालको के खेल की काफी प्रषंसा की। दर्शकों का मानना था कि छोटे बच्चों ने अपने खेल का प्रदर्शन भलीभांति करते हुये अपने से कही बड़ी उम्र के युवको के दांत खटटे कर दिये।

## आस्था के सिर सजा मिस अग्रवाल-2023 का ताज, मिसेज में श्रुति और राधा खिताब अपने नाम किया



रायगढ़, 15 अक्टूबर। अग्र समाज द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती की सबसे चर्चित प्रोग्राम मिस एंड मिसेज अग्रवाल का शुक्रवार को निगम ऑडिटोरियम रंगारंग आयोजन इस कार्यक्रम में दर्शकों की अपार भीड़ उमड़ी पूरा आडिटोरियम खचाखच भरा दिखा। प्रोग्राम को तीन भागों तो बाटा गया था। जिसमे मिस अग्रवाल, मिसेज अग्रवाल और 40 वर्ष से ऊपर मिसेज अग्रवाल ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम महानगरों व बड़े फैसन शो की तर्ज पर बहुत ही उम्दा तरीके से किया गया। इसमें मिस अग्रवाल 2023 का ताज आस्था अग्रवाल के सर बांध तो मिसज अग्रवाल का खिताब श्रुति अग्रवाल और 40 वर्ष से ऊपर में राधा ने अपने नाम किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षिनी बंसल नेहा अग्रवाल मुनमुन गोयल और गरिमा जैन की विशेष भूमिका रही। उनकी शानदार एंकरिंग की बहुत प्रशंसा हुई। मैसेज अग्रवाल के पूर्व ऑडिटोरियम में ही रेट्रो नाइट्स का शानदार आयोजन किया गया था। जिसमें 40 वर्ष तक में एकता अग्रवाल एवं टिंकल अग्रवालए शालू गोयलएसाक्षी अग्रवाल व 40 वर्ष से अधिक में मिसेज पप्पल अग्रवालएजितेंद्र गोयलए संगीता अग्रवाल ने पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में शानदार एंकरिंग चाहत अग्रवाल अलीशा अग्रवाल और मोनिका अग्रवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रभारी संस्था श्याम सखी मंडल द्वारा किया गया। आयोजन समिति ने सभी प्रतियोगियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की।

### इंस्पायर अवार्ड, राजनंदनी के वैज्ञानिक शोध का चयन राष्ट्रीय स्तर पर

महासमुंद। स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र उमावि के कक्षा 10वीं की छात्रा एवं बाल वैज्ञानिक राजनंदनी यादव का इंस्पायर अवार्ड मानक 2020-21 में जिला स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता में चयन हुआ था। बाद राज्यस्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तर के लिए उनका चयन हुआ, जो कि दुर्ग के खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ। जिसमें इनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रस्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए हुआ, जो नई दिल्ली में 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित था। जिसमें राजनंदनी यादव ने भाग लेकर अपने वैज्ञानिक शोध का प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित किया।

# गर्ग परिवार ने गया में किया अपने पितरों का पिण्डदान

■ त्रयोदशी को मनाई गई पितरों की देव दिवाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, गया।** गर्ग परिवार (मांढीवाल) ने ज्ञान और मोक्ष की भूमि गया में अपने पितरों के पिंडदान और तर्पण किया, त्रयोदशी की शाम को गया के विष्णु पद मंदिर और फल्गु नदी के किनारे देव दीवाली मनाई गई।गौरतलब है कि धर्म नगरी खरसिया में 17 सितंबर से 23 सितंबर तक कन्या विवाह भवन में पूज्य अंकुश तिवारी जी महाराज के श्रीमुख से भागवत कथा का रसास्वादन कर गर्ग परिवार (मांढीवाल) अपने पितरों के साथ प्रयागराज, बनारस होते हुए ज्ञान और मोक्ष की भूमि गया पहुंचे तथा अपने पूर्वजों का पिंडदान तथा तर्पण किया। इसी तारतम्य में त्रयोदशी को पंडित के.के. मिश्रा के साथ समस्त गर्ग परिवार (मांढीवाल) ने गया के प्रसिद्ध विष्णु पद मंदिर तथा फल्गु नदी के घाट पर दीये जलाकर देव दीवाली मनाई ।



**प्रतिवर्ष होता है त्रिपक्षीय मेले का आयोजन**

गर्ग परिवार के सुनील अग्रवाल पत्रकार ने बताया कि ज्ञान और मोक्ष की भूमि गया में प्रतिवर्ष भाद्रपद, पूर्णिमा से लेकर आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तक पितरों का तर्पण तथा पिण्डदान किया जाता है। तीनों पक्षों में लोग अपने पूर्वजों को मोक्ष दिलाने के लिए उनका तर्पण एवम पिण्डदान करते है। गया जी मे इस वर्ष 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक पितृपक्ष मेला का आयोजन किया गया था जहां लाखों लोगों ने अपने पूर्वजों का तर्पण तथा पिण्डदान कर उन्हें तृप्त किया।

**विदेशी भी गया में जाकर कर रहे पिंडदान**

मोक्ष दिलाने के लिए गया दुनिया भर में प्रसिद्ध है, गया को ज्ञान एवम मोक्ष की भूमि भी कहा जाता है। इसके प्रति हिंदुओं की आस्था तो है ही अन्य धर्म को मानने वाले भी पूर्वजों की मोक्ष की कामना को लेकर पितृ पक्ष में गया आते हैं। इसी क्रम में बुधवार को जर्मनी से एक दर्जन श्रद्धालु भी अपने पूर्वजों के पिंडदान और तर्पण करने गया पहुंचे। पिंडदान कर रहे विदेशी श्रद्धालु ने कहा कि धर्मगुरु नताशा सपरो से प्रेरित होकर कर्मकांड करने के लिए सात समुंदर पार से गया में आये हैं।

### 80 विद्यार्थियों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गत दिनों संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार द्वारा देश के 23 राज्यों सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन कक्षा पांचवी से लेकर महाविद्यालय तक नौ स्तरों में आयोजित की गई। उपरोक्त परीक्षा समस्त छात्र-छात्राओं में चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्य स्थापना के साथ ही शासन द्वारा स्वीकृत नैतिक शिक्षा की आवश्यकता पूरी करती है।

## समाचार संक्षेप

### 9 दिनों तक हाईस्कूल में गरबा नाइट्स

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र के मौके पर शहर के स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम हाईस्कूल मैदान में कांग्रेस नेत्री व नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में गरबा नाइट्स आयोजन समिति द्वारा गरबा डांस का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम की संयोजक राशि त्रिभुवन महिलांग और सह संयोजक बबलू हरपाल ने समिति के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को नपा कार्यालय स्थित नपाध्यक्ष के सभाकक्ष में एक बैठक आहूत कर आयोजन को अंतिम रूप दिया। आयोजन को लेकर नपाध्यक्ष महिलांग ने बताया कि 15 से 23 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। उन्होंने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी शहरवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा है कि गरबा डांस प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। नपाध्यक्ष महिलांग ने बताया कि शहरवासियों की प्यार और सहयोग से पिछले 10 वर्ष से सफलता के साथ यह आयोजन हो रहा है और आयोजन का यह 11 वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए उनके अलावा आयोजन समिति के सदस्यों से भी विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। बैठक में पालिका के सभापति और पार्षद व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पंचमी पर निकलेगी चुनरी यात्रा-आयोजन के पांचवें दिन आयोजन समिति द्वारा नगर की कुलदेवी माँ महामाया माता पर 51 मीटर की चुनरी चढ़ाई जाएगी। इसके लिए शहर में गरबा नाइट्स कार्यक्रम स्थल हाईस्कूल मैदान से बाजे-गाजे के साथ भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से गरबा के अलावा चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए कहा है कि आगामी 9 दिनों तक आयोजन में शामिल होकर माता की आराधना एक साथ करें।

### डॉ चोपड़ा को समर्थकों ने क्लीनिक में घेरा

**महासमुंद।** पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा को भाजपा द्वारा टिकट नहीं दिए जाने से मायूस झलप क्षेत्र के समर्थकों ने शनिवार को घेराव करते हुए उनसे बतौर निर्दलीय प्रत्याशी विधानसभा चुनाव लड़ने की पेशकश की। इससे पूर्व गुरुवार को महासमुंद स्थित उनके नर्सिंग होम में समर्थकों ने उनसे यहां चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। हालांकि, डॉ. चोपड़ा का रुख इस मामले में अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर वे स्वयं क्या चाहते हैं। लेकिन, उन्होंने कहा कि वे भाजपा के साथ हैं लेकिन, परिस्थितियों को देखते हुए आगे निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में महासमुंद और बसना की टिकटों की घोषणा होने के बाद गुरुवार को बतौर निर्दलीय पूर्व विधायक रहे डॉ विमल चोपड़ा के समर्थको ने उनका घेराव किया।

### प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन की टीम का इस्तीफा



**महासमुंद।** जिला राइस मिल्स एसोसिएशन के आतिथ्य में छग प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को हुई। महासमुंद जिले के प्रमुख पारस चोपड़ा ने कहा कि महासमुंद की ऊजार्वान भूमि ने सदैव राइस मिलिंग उद्योग के संरक्षण, संवर्धन एवं मिलर्स में जागृति लाने का काम किया है। कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर ने विगत वर्षों में मिलर्स हित में किए गए सभी प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि वे हर कदम पर राइस मिलर्स साथियों के साथ हैं।अध्यक्ष कैलाश रूंगटा ने कहा कि अपने कार्यकाल में राइस मिलर्स के लिए उनकी टीम ने आधिकाधिक काम किया है, फिर भी बहुत से काम किए जाने बाकी हैं, जिसके लिए हम आगे भी प्रयास करते रहेंगे, जो काम हम नहीं करा सके हैं उसके लिए पूरे सदन से क्षमा चाहते हैं। इसी क्रम में कैलाश रूंगटा ने अपनी पूरी टीम (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित) का इस्तीफा प्रस्तुत किया।साथ ही एक कार्यसमिति की घोषणा की, जो कि प्रदेश एसोसिएशन के आगामी चुनाव की रूपरेखा बनाएगी और एसोसिएशन के चुनाव तक शासन/प्रशासन से संपर्क कर मिलर्स हित में काम करेगी। कार्य समिति में राजेन्द्र लुंकड़ धमतरी, श्रवण अग्रवाल आरंग, मोहन अग्रवाल अभनपुर, देवेन्द्र भृगु भाटापारा, सर्वेश सिंह चौहान कांकेर, विजय केडिया जांजगीर, मनोज अग्रवाल डोंगरगढ़, तिलोक सांखला महासमुंद, अनिल शर्मा रायगढ़, विनीत जैन दुर्ग, विजय गोयल राजिम, बलबीर सलूजा बिलासपुर, अनिल चंद्रवंशी कबीरधाम, मुकेश गोयल सरगुजा शामिल हैं। बैठक में प्रदेश के रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, राजनांदगांव, खैरागढ़ कांकेर, धमतरी, कबीरधाम, बेमेतरा, बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़, जांजगीर, सक्ती, कोरबा आदि जिलों से लगभग 500 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभा को गिरधारी अग्रवाल राजिम, मुरारी भूतड़ा दुर्ग, तिलोक सांखला महासमुंद, विजय गोयल राजिम, देवेन्द्र भृगु भाटापारा, बलबीर सलूजा बिलासपुर आदि ने सम्बोधित किया। आभार प्रदर्शन मनोज अग्रवाल जिला अध्यक्ष महासमुंद एवं संचालन अशोक चौरड़िया ने किया।

### भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच में मोबाइल से क्रिक्रेट सट्टा खेला रहें 4 लोग गिरफ्तार



**रायगढ़, 15 अक्टूबर।** कार में बैठकर भारत.पाकिस्तान क्रिकेट मैच में मोबाइल से किक्रेट सट्टा खेला रहें 4 आरोपी गिरफ्तार, साइबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस की कार्यवाही, दरअसल पुलिस को भारत में आयोजित हो रहे विश्व कप क्रिकेट मैच पर क्रिकेट सट्टा लगाए जाने की शाम मुखबिर से सूचना मिली कि बेलादुला रोड पर एक संदिग्ध ब्रेजा कार में कुछ युवक बैठकर क्रिकेट सट्टा नोट कर रहे हैं। सूचना एसएसपी सदानंद कुमार ने तत्काल साइबर सेल एवं थाना चक्रधरनगर की टीम को मौके पर जाकर कार्यवाही का निर्देश दिया, जिस पर थाना चक्रधरनगर और साइबर सेल की पुलिस टीम ने मौके पर एक ब्रेजा कार में बैठे चार युवक भारत.पाकिस्तान मैच में प्रत्येक गेंद पर मोबाइल से क्रिकेट सट्टा लगाने वालों से कागज पर नगद रकम नोट करते पकड़ा रंगे हाथों गिरफ्तार किया और आरोपियों से मौक पर जुआ रकम 10,790 रुपएए 10 मोबाइल फोन, एक टैबलेटए सट्टा पट्टी विवरण कागज और उनकी ब्रेजा कार को जप्त कर थाना चक्रधरनगर लाया गया, पुलिस द्वारा आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।सट्टा एक्ट में पकड़े गए आरोपियों में आलोक अग्रवाल पिता गजानंद अग्रवाल उम्र 42 साल निवासी मौहापाली रोड खरसिया, अमन अग्रवाल पिता अनूप अग्रवाल उम्र 25 साल निवासी गंज खरसिया, रिकेश राय पिता रामाशंकर राय उम्र 38 साल निवासी रतनमहका खरसिया एवं रवि शंकर राठौर पिता पिता भरत लाल राठौर उम्र 34 साल निवासी रतनमहका खरसिया शामिल थे।

## एक नजर

### कवि सम्मेलन स्थगित

**सिमगा, 15 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अचार सहिता के कारण सिमगा में होने वाली भव्य कवि सम्मेलन रद्द किया गया है, आयोजक भारत लाल साहू एवं टोंडे फैन्स क्लब के द्वारा यह कर्याक्रम आयोजित किया गया था लेकिन आचार संहिता के कारण कार्यक्रमों स्थगित किया गया है, भारत लाल साहू ने बताया की हस्य कवि सम्मलेन सुरेंद्र दुबे टीम की कार्यक्रम सिमगा में 17 अक्टूबर को रखा गया था उसे अचार संहिता के कारण कार्यक्रम को स्थगित किया गया है आगामी दिनांक तय करके सभी को सुचना किया जाएगा!

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 15 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी शशांक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर 13 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाकर मुखबिर सूचना पर ग्राम ससहा में रेड कार्यवाही कर आरोपी रामलाल साहू पिता जगदू साहू उम्र 50 वर्ष साकिन ससहा थाना पलारी को अपने घर सामने बाडी मे पैरा के पास बिक्री की नियत से एक सफेद रंग पलास्टिक जरिकेन मे 10 ब0लि0 कच्ची महुआ शराब रखे मिलने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। शराब के अवैध कोचियों के विरुद्ध पलारी पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उक्त कार्यवाही में प्र0आर0 अरशद खान एवं प्र0आर0 रोहित सिंह का विशेष योगदान रहा।

### शराब का अवैध परिवहन व बिक्री के अलग-अलग मामलो में दो पकड़ाए



**बलौदाबाजार, 15 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा लगातार अवैध शराब, जुआ, सट्टा के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिए है जिस पर अमल करते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हेमंत पटेल के नेतृत्व में 13 अक्टूबर को पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा निम्नलिखित कार्यवाही की गई है। आरोपी संजय टण्डन पिता दीपक टण्डन उम्र 21 वर्ष साकिन दशरमा रोड सुभाष चौक वार्ड 11 बलौदाबाजार को ग्राम खपरी तालाब पास जाकर नाकाबंदी किया। एक स्कुटी आते दिखा जिसे रोककर चेक किये स्कुटी में एक व्यक्ति पिटटु बैंग 80 पांव देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक में 180 एमएल सीलबंद शीशी में भरी हुई शराब जुमला 14.400 बल्क लीटर कीमती 8800/रू. एवं एक नग सफेद कलर का सुजुकी एक्सेस 125 सीसी स्कुटी क्र सीजी 04 एल बी 9703 कीमती लगभग 20, 000रू. पुरानी इस्तेमाली कुल 28, 800/रू. को समक्ष गवाहन वजह सबूत में जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहॉ से उपजेल बलौदाबाजार में निरूद्ध किया गया। आरोपी बंशलाल घृतलहरे पिता स्व. सांवत घृतलहरे उम्र 52 वर्ष साकिन बिटकुली चैकी करही बाजार थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदा बाजार - भाटापारा को घटना स्थल आरोपी बंशलाल घृतलहरे का मकान ग्राम बिटकुली से 20 पाव देशी मशाला शराब सीलबंद प्रत्येक पांव 180 एमएल भरी हुई कुल 3.600 बल्क लीटर कीमती 2200/रूपयें एवं बिक्री रकम 500रू. को समक्ष गवाह के मुताबिक जप्ती पत्रक के कब्जा पुलिस लिया गया।

# महामाया देवी के दर्शन करने पहले दिन ही भक्तों की भीड़



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 15 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्री का पर्व आज शुरू हुवा माता के मंदिर में भक्ति भाव में भक्त पहुंच रहे है नेवरा का प्राचीन मंदिर को सुंदर सजाया गया है। वर्षो से नेवरा नगर की उत्पति के साथ यह प्राचीन मंदिर भी अब नए युग के साथ भव्य मंदिर बन चुका है महामाया मंदिर के पुजारी कहते है।

*विवादे विषादे प्रमादे प्रवासे जले चानले पर्वते शत्रुमध्ये।*

*अरण्ये शरण्ये सदा मां प्रपाहि गतिस्त्वं गतिस्त्वं त्वमेका भवानि॥*

विवाद, विषाद, प्रमाद, परदेश, जल, अग्नि, पर्वत, वन तथा शत्रुओं के मध्य में सदा (मैं) आपकी शरण में हूँ, हे भवानी ! तुम्हीं मेरी गति हो, केवल तुम्हीं मेरी गति हो।

*सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥*

नवरात्रा कलश स्थापना की भी की गई है। मंदिर के ठीक सामने दंतेश्वरी मंदिर व ज्योति के लिए स्थान बनाया गया है। मंदिर के पुजारी कहते है। मां दुर्गा आपके यहां सुख, शान्ति, शक्ति, समृद्धि, संपन्नता, यश- कीर्ति, वैभव, आरोग्य संस्कार व संस्कृति लेकर आए।

### प्रसिद्ध शीतला मंदिर की महिमा



तिल्दा नेवरा बस्ती महामाया मंदिर के समीप भैरव मंदिर शीतला माता के प्राचीन मंदिर में भक्तो की भिड़ सुबह से मंदिर में देखी गई यहाँ भी ज्योति प्रज्वलित की गई है आदि शक्ति शीतला मंदिर भी प्राचीन है ठीक इस से लगा भोलेनाथ का मंदिर भेरव भगवान के मंदिर में भी भक्त दर्शन करने आ रहे है। नेवरा पुरानी बस्ती में माता के जय कारों से भक्ति का आनंद भक्त और नागरिक ले रहे है।

### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने सिमगा में लाखों के जुए का किया भंडाफोड़

# सिमगा के ब्राह्मणपारा स्थित मकान से 24 जुआरी गिरफ्तार, 18.87 लाख रुपए जब्त

- मौके पर 2 कार, एक बाइक एवं 26 मोबाइल भी बरामद
- मकान में जुआ खेलाने वाले अनिल पांडे पर भी अपराध दर्ज
- सुनियोजित दबिश देकर जुआडियों को दबोचा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 15 अक्टूबर।** काफी समय से एवं विभिन्न सूत्रों से सिमगा नगर में बड़े रूप में जुआ खिलाने की सूचना मिल रही थी, कि सिमगा नगर के ब्राह्मण पारा स्थित मकान में जुए का फड़ सजता था, जिसमें सिमगा नगर तथा आसपास के कई ग्रामों से काफी संख्या में लोग जुआ खेलने आते थे। यह जुआ सामान्य नहीं बल्कि बड़े रूप में खेला जाता था, जिसमें लाखों रुपए की हार जीत की बोली लगती थी। इस संबंध में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा लगातार सूचनाएं एकत्रित कर जुए का भंडाफोड़ करने का प्रयास भी किया जा रहा था। लेकिन जुआ खेलने एवं खिलाने वाले लोग भी बहुत ही शातिर किस्म के है। जरा सी भनक लगते ही जुआ कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया जाता था। फिर मौका पाते ही पुनः जुआडियों का जमघट लगाकर जुआ प्रारंभ कर दिया जाता था। जुआ खिलाने वाले इतने शातिर किस्म के थे कि, आसपास इलाके में अपने मुखबिर भी इन जुआड़ियों द्वारा तैनात किया जाता था, जिनके द्वारा पुलिस के आने अथवा पुलिस के किसी भी प्रकार की गतिविधि की सूचना तुरंत जुआडियों को मिल जाती थी तथा जूआरी जुए को बंद कर फरार होने में अथवा अपने आप को सामान्य रूप से दिखने में सफल हो जाते थे।

इन सभी बातों को दृष्टिगत रखते हुए एक सुनिश्चित एवं सुनियोजित योजना तैयार कर जुआ में दबिश देना आवश्यक था, जिससे सभी जुआरी एक साथ पकड़े जाएं एवं जुआ में लगने वाला पूरा रकम भी बरामद हो जाए। साथ ही यह जुआ रेड सफल होना भी अत्यंत आवश्यक था। इसके असफल होने या जुआडियों के नहीं पकड़े जाने से पुलिस पर भी स्थानीय नगर वासियों को परेशान करने का आरोप लग सकता था, किंतु पुलिस द्वारा भी पुख्ता सूचना, जुआडियों के भागने, छिपने आदि सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए एक सफल जुवा रेड कार्ययोजना तैयार किया गया। आज दिनांक 13.10.2023 को सूचना मिली कि सिमगा नगर के ब्राह्मण पारा स्थित मकान में जुआ खिलाया जा रहा है, जिसमें कई जुआरी लाखों रुपए का हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने में लीन है। उक्त बात की तस्दीक कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना हथबंद से आरक्षक प्रदीप शर्मा, कमलेश्वर बर्मन, भुवन वर्मा, संतोष साहू, प्रशांत घर दीवान, गोविंद साहू, उमाशंकर कुर्रे एवं थाना सिमगा से उप निरीक्षक किशन कुम्भकार, सउनि कुरैशी, आरक्षक बब्बू साहू, वीरेंद्र साहू, राजेंद्र ठाकुर देव कुमार पैकरा, अयोध्या नरेश मधुकर एवं किशोर मरकाम की पुलिस टीम द्वारा ब्राह्मण पारा स्थित मकान को घेर कर एक साथ जुआ फड़ में दबिश देने की योजना बनाई गई।

पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम जुए वाली मकान को चारों तरफ से घेरा गया। इस बीच पुलिस की आने की सूचना देने वाले हर संभावित व्यक्ति की नजरों से बचते हुए बहुत ही तत्परता पूर्वक पुलिस टीम द्वारा मकान में दबिश दिया गया। पुलिस टीम को अचानक अपने सामने देखकर सभी जुआरी घबरा गए। उन्हें बिल्कुल भी यकीन नहीं था कि पुलिस इस प्रकार सफलतापूर्वक इस जुआ वाले स्थान में रेड भी मार सकती है। कि पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही जुआ खेलने वाले 24 शातिर जुआडियों को गिरफ्तार किया गया है तथा मौके पर 52 पत्ती ताश एवं 10, 87, 062 नगद जप्त किया गया है। साथ ही पुलिस टीम द्वारा मौके से जुआडियों का 02 कार, एक मोटरसाइकिल एवं 26 नग मोबाइल भी जप्त किया गया है। किसी जुआ रेड कार्यवाही से पुलिस टीम द्वारा 10 लाख रुपए नगद से भी अधिक रकम जप्त करने का जिले में अपनी तरह का यह पहला मामला है।

निश्चय ही यह सफलता जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम के उल्लेखनीय कार्यो एवं तत्परता का परिचायक है, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा सफलतापूर्वक जुआ रेड कार्यवाही ही नहीं किया गया, वरन् सभी जुआडियों को गिरफ्तार करते हुए 10 लाख रुपए से भी अधिक की रकम एक साथ जप्त करने में भी सफलता पाई है। जुआडियों से पूछताछ करने पर अनिकेत पांडे एवं उनके पिता अनिल पांडे द्वारा संबंधित घर में जुआ खिलाना बताया गया है। कि जुआडियों के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 322/2023 धारा 13 जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 04, 05 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस बीच मकान में जुआ खिलाने वाले सिमगा नगर निवासी अनिल पांडे की गिरफ्तारी शेष है, जिसकी पता तलाश जारी है।

# चोरी के मामले में 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 15 अक्टूबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण)श्री नीरज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) सुरेश ध्रुव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में संपत्ति संबंधी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



विवरण इस प्रकार है कि 13 अक्टूबर को प्रार्थी थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके सरोरा स्थित जगदम्बा प्लास्टोकम गोदाम में रखा लोहे का 04म02 का चैनल 07 नग, छोटा टुकडा 04 नग, 01 नग लोहे का गार्डर 03 फीट का एवं लोहे का 04 नग एंगल कुल कीमती 10, 000/ रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा 11 अक्टूबर की रात्रि 23:00 बजे से 12 अक्टूबर की सुबह 8 बजे के मध्य दीवाल फांदकर अनाधिकृत रूप से गोदाम में प्रवेश कर मशरूका चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायमकर माल-मुल्जिम पतातलाश में लिया गया। विवेचना पतातलाश के दौरान 06 संदिग्ध व्यक्ति ग्राम सरोरा के कोलम्मा डबरी तालाब के पास लुक छिपकर बैठे थे जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़कर पूछताछ करने पर सही सही जवाब नहीं देने से पूछताछ हेतु थाना लेकर आया जिससे थाना में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर संदिग्धो द्वारा जुर्म स्वीकार मेमो0 कथन लेखबद्ध कर आरोपियो के मेमो0 कथन के आधार पर चोरी गये माल को आरोपीगण के द्वारा कोलम्मा डबरी तालाब के पास मेढ़ के नीचे झाड़ी से निकालकर पेश करने पर संयुक्त कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर प्रकरण में वजाफ्ता शुमार किया गया, अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।

## समाचार संक्षेप

### 24 घंटे के अंदर बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

**सिमगा, 15 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल बलौदाबाजार भेजा गया। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीडिता द्वारा 13 अक्टूबर को थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोट दर्ज कराई कि इसके गांव का हिमांशु देवांगन पिता तुकाराम देवांगन निवासी पौसरी थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा ने तुमसे प्यार करता हूं शादी करूंगा कहकर बातचीत करने लगा 20 जून 2022 को सुबह 11.00 बजे हिमांशु अपने घर में बुलाकर शादी करूंगा कहकर जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया उसके बाद लगातार शारीरिक संबंध बनाया था। फिर हिमांशु देंवागन ने मई 2023 में अन्य लडकी से शादी कर लिया फिर 25 सितम्बर को फोन कर गांव के बाहर बुलाया शारीरिक संबंध बनाओं नही तो तुम्हारे होने वाले पति को बता दूंगा बालकर जान से मारने की धमकी देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और लगातार आने जाने के रास्ते में आकर धमकी देते है कि रिपोर्ट अपराध तत्काल आरोपी हिमांशु देवांगन के विरूध्द थाना सिमगा में अपराधक क्रमांक 321/2023 धारा 376, 376(2), (ढ), 506 भादवि पंजीबध्द कर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया जिसके निर्देश पर थाना प्रभारी सिमगा द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर प्रकरण के आरोपी हिमांशु देवांगन पिता तुकाराम देवांगन उम्र 26 साल निवासी पौसरी थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0 को 24 घंटे के अंदर हिरासत मे लेकर पूछताछ किया जो अपने जुर्म स्वीकार करने पर 13 अक्टूबर को गिरफ्तार कर आज 14 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक मंजूलता राठौर, सउनि एस के कुरैशी, प्रआर जागेश्वरी वर्मा, मआर अहिल्या वर्मा, आर. धनेश्वर ध्रुव, बब्बू साहू व अन्य स्टाफका विशेष योगदान रहा।



### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 15 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमित तिवारी के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 818/2023 धारा 13 जुआ एक्ट के आरोपीयों को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया। आरोपियों के नाम छबी लाल वर्मा पिता भगवती प्रसाद वर्मा उम्र 59 वर्ष, तोरन घृतलहरे पिता नारायण उम्र 38 वर्ष, बलदेव वर्मा पिता बिसाहू राम वर्मा उम्र 31 वर्ष, गंगा वर्मा पिता बिसाहू राम वर्मा उम्र 34 वर्ष, शिव कुमार साहू पिता स्व. केजू राम साहू उम्र 58 वर्ष सभी साकिनान करमदा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार है। मामले का विवरण इस प्रकार है कि 13 अक्टूबर को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम करमदा बाजार चौक में कुछ लोग ताश पत्ती में रूपये पैसे की हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं की सूचना पर रेड कार्यवाही किया जिसमें आरोपी छबी लाल वर्मा पिता भगवती प्रसाद वर्मा उम्र 59 वर्ष तोरन घृतलहरे पिता नारायण उम्र 38 वर्ष बलदेव वर्मा पिता बिसाहू राम वर्मा उम्र 31 वर्ष गंगा वर्मा पिता बिसाहू राम वर्मा उम्र 34 वर्ष शिव कुमार साहू पिता स्व. केजू राम साहू उम्र 58 वर्ष सभी साकिनान करमदा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार कुल 6560 रू एवं 52 पत्ती ताश पकड़े गये आरोपीयों से कुल 6560 रू एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्र आर 999 संजय ठाकुर, प्र आर 283 कृष्ण कुमार बरेठ आर 279, 839, 134, 701 का विशेष योगदान रहा।

### अखंड राम सप्ताह शुरू, सभी समाज से लोग आए सामने

**तिल्दा-नेवरा, 15 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा के भव्य धार्मिक आयोजन में अखंड रामनाम सप्ताह आयोजन समिति अपने 62 वें अखंड राम सप्ताह का आयोजन 15 अक्टूबर सुबह 6:00 पूजा, मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित कर पहिली टोली ब्राह्मण समाज के द्वारा जय रघुपति राघव राजाराम, जय पतित पावन सीताराम, मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम का जय कारा करते हुए नगर के सर्व समाज एवम धार्मिक समिति के द्वारा अपने अपने समय बेला में अधिक अधिक संख्या में श्रद्धालु आयोजन में शामिल होकर जय रघुपति राघव राजाराम, जय पतित पावन सीताराम का भजन कीर्तन 22 अक्टूबर सुबह 6:00 तक किया जाना है तत्पश्चात हवन आरती एवम प्रभु राम की विशाल शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। अखंड रामनाम सप्ताह आयोजन समिति बजरंग चौक नेवरा(तिल्दा नेवरा) ने सभी से आग्रह किया है।

### नवरात्र के प्रथम दिवस से मुकूटपुजा व नारदमोह की लीला के साथ रामलीला का मंचन आरंभ

# रामायण के पात्रों का अभिनय कर बच्चे करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

- 11 दिनों तक होगी लीला, नवरात्र के नौवे दिन होगा देवी लीला की भव्य प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 15 अक्टूबर।** भाटापारा नगर की आदर्श रामलीला नाटक मंडली जो अपने सौ वर्ष पुर्ण कर इतिहास रच चुकी है वही ये संस्था जिसकी स्थापना सन् 1920 मे ब्रिटिशकाल से धर्म प्रचार करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की प्राचीन एतिहासिक रामलीलाओ मे अब नाम लिखाते हुए 103 वर्ष पुर्ण कर चुकी है और आगामी 15 अक्टुबर से 104वें वर्ष का मंचन करने जा रही है। इस रामलीला मंडली की सबसे बड़ी विशेषता है कि नन्हे बाल कलाकारो के द्वारा रामलीला के पात्रो का अभिनय करना। रामलीला का मंचन संस्था के द्वारा नवरात्र मे नौ दिनो तक किया जाता है जिसके बाद दशहरा मे रावण दहन की लीला रावण भाटा मैदान मे मनाते हुए रावण जला कर दशहरा मनाया जाता है फिर दुसरे दिन भगवान राम का राजतिलक कर लीला का समापन किया जाता है। बच्चो के द्वारा इस व्यस्त एवं दौडते भागते समय मे जब पढ़ाई का बोझ अत्यधिक होता उसमे से अपना समय निकाल भगवान के कार्य मे धर्म और संस्कृति के प्रचार मे अपना किमती समय देते है। आदर्श रामलीला नाटक मंडली का साहित्य अदभुत तरिके से रामचरित्र मानस, बाल्मीकी रामायण, रामचरित्र दर्पण, राधेष्याम रामायण, वषुनायक,




संगीत रामायण, हिन्दी अनुवाद रामायण एवं स्वयं अनुवाद कर साहित्यों को धरोहर रूप में संजोया गया है जिससे रामलीला का मंचन किया जाता है। रामलीला के आयोजन में बच्चो के साथ उनके पालको और नगर के सभी वर्गो का सहयोग इस रामलीला के सफलता का कारण बनती है।

15 अक्टुबर से मुकुट पुजन के साथ लीला आरंभ होगी जिसके बाद प्रथम दिवस से नवरात्र पक्ष के नौ दिनो मे नारद-मोह, मुनिआगमन, धनुष यज्ञ, वनगमन, सीताहरण, जटायुमरण, शबरी प्रसंग, रामसुग्रीव मित्रता, बालीबध, लंकादहन, विभिषण शरणागति, सेतबंध रामेश्वरम, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध, सतीसुलोचना एवं देवी लीला, अहिरावण की भव्य एवं शानदार लीलाओ की प्रस्तुति होगी। इसी बीच दानी मौरध्वज की लीला का मंचन भी किया जाएगा। एवं 24 तारिख को दशहरा रावण भाटा मैदान मे मनाते हुए 25 तारिख को राजतिलक के साथ 11 दिनो की लीला का समापन होगा।

वर्तमान 104वे वर्ष सन 2023 के मंचन की तैयारी पुर्ण हो चुकि है जिसमे आदर्श रामलीला मंडली भाटापारा संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश वैष्णव एवं सचिव कोमल शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ मे बाबु शुक्ला, मोनू मल, कैलाशचंद पुरोहित, बजरंग लाल चौरसिया, हेमंत मल, देवनारायण लाला शर्मा, शिवनारायण गुप्ता, मनोज गुप्ता, रामजी जोशी, धन्जी जोशी, रोहित तिवारी, आयुष तिवारी एवं अन्य सदस्यो के द्वारा प्रबंधन कार्य संभालते हुए व्यास गद्यी का कार्य संचालित कर रहे है वही राम की भुमिका मे आदित्य जोशी, लक्ष्मण की भुमिका मे कार्तिकेय पांडे एवं वैभव तिवारी व हनुमान की भुमिका मे लव शर्मा व शौर्य मिश्रा, सीता की भूमिका में धर्मपाल सोनी एवं अन्य कलाकारो के रूप मे लगभग 30 बच्चे अलग अलग रामायण के किरदारो को जीवंत करते दिखाई देंगे।

### जलकर नहीं पटाने पर साऊथ एशियन एग्रो इंडस्ट्रीज हैदराबाद की जमीन कर दी गई नीलाम

**बलौदाबाजार, 15 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जलकर नही पटाने वाले हैदराबाद की साऊथ एशियन एग्रो इंडस्ट्रीज सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी जमीन को नीलाम कर दी गई है। कलेक्टर के आदेश पर बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल द्वारा ग्राम खजुरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. लटुवा तहसील बलौदाबाजार में स्थित साऊथ एशियन एग्रो इंडस्ट्रीज हैदराबाद की भूमि खसरा नं. 588 / 1, 588 /2 रकबा 1.902 हे. भूमि की नीलामी की प्रक्रिया किया गया। नीलामी में 06 बोलीदार सम्मिलित हुए जिसमें अनिमेश इस्पात प्रा. लि. द्वारा अधिकत्तम बोली 70 लाख रूपये बोल कर उक्त भूमि प्राप्त की गयी। साऊथ एशियन एग्रो इंडस्ट्रीज हैदराबाद के विरूद्ध सिंचाई विभाग के जल कर की राशि 67 लाख 875 रूपये वसूल की जानी थी। जिसे नियमानुसार कार्रवाई कर प्रारूप ख (नियम 04) छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 147 (क) के अंतर्गत विधिवत् नीलामी की कार्रवाई किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव**

प्र.क्र. 202310092300038-ब/121-वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश आ. चंदूलाल जाति मरार निवासी ग्राम गांड़ाभंवर तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री कु. उमेश्वरी पटेल पिता कमलेश पटेल का जन्म दिनांक 30.07.2005 को ग्राम गांड़ाभंवर में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में जन्म दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री कु. उमेश्वरी पटेल पिता कमलेश पटेल का जन्म दिनांक 30.07.2005 को ग्राम गांड़ाभंवर में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 27/10/2023 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।


आज दिनांक 13/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

## एक नजर

### एम्स से मरीज लापता



**रायपुर, 15 अक्टूबर।** ग्राम धरहर, पो. चरपेड़ी, थाना मरवाही, जिला जीपीएम निवासी गोरेलाल पुरी उम्र 54 वर्ष गत नौ अक्टूबर से राजधानी से लापता है। वह अपने पुत्र सोनू पुरी के साथ उपचार कराने एम्स टाटीबंध आया हुआ था। दोपहर बारह बजे एम्स से लापता हो गया है। वह नीली रंग का इनर व लोवर पहना हुआ है। गले में कंठी है। इसकी सूचना आमानाका थाना में दे दी गई है। सोनू पुरी ने निवेदन किया है कि उक्त व्यक्ति का किसी को पता चलता है तो मोबाइल नंबर 9691653228 या 9098469684 पर अवश्य सूचना दें।

### जमीन का सौदा कर 61 लाख की ठगी, भाई-बहन पर जुर्म दर्ज

**रायपुर, 15 अक्टूबर।** जमीन का सौदा तय कर 61 लाख रुपए लेने और रजिस्ट्री नहीं करवाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने भाई-बहन के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजकुमार थावरानी 49 वर्ष बहतराई चौक सरकंडा का रहने वाला है। प्रार्थी ने टाटीबंध स्थित जमीन को खरीदने के लिए आरोपी नवल किशोर व उसकी बहन रामप्यारी देवी अग्रवाल से सौदा तय किया। सौदा तय होने के बाद आरोपियों ने इकरार नाम बनाकर प्रार्थी से 61 लाख रुपए आहरण कर लिया। जब प्रार्थी ने रजिस्ट्री के लिए कहा, तो आरोपियों ने टाल मटोल शुरू कर दिया। जिससे प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा।

### अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर, 15 अक्टूबर।** टिकरापारा पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि गांधी चौक के पास देवपुरी में एक महिला अवैध रूप से शराब बेच रही है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपिया रशिदा बेगम 65 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपिया के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# अजीब तरह से गुजर रही है कुछ ऐसी जिंदगी... सोचा कुछ, किया कुछ, हुआ कुछ, मिला कुछ...



प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के नाम एक रिकार्ड बन गया है। चुनी हुई सरकार (मुख्यमंत्री गुजरात) से लेकर भारत के प्रधानमंत्री तक का 21 साल का सफर पूरा करके वे 22 वें साल में 7 अक्टूबर को प्रवेश कर गये हैं। 7 अक्टूबर 2001 को उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री का पद सम्हाला था वहीं 22 मई 14 तक वे इस पद पर अनवरत रहे हालांकि उनके मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड उन्हीं की पार्टी के डॉ. रमन सिंह ने 15 साल लगातार सीएम बनकर छत्तीसगढ़ में तोड़ दिया है। अब तो लम्बे समय तक सीएम बने रहने का रिकार्ड (लगातार नहीं)मप्र के सीएम शिवराज सिंह के नाम हो गया है।बहरहाल 26 मई 2014 को नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और वे निरंतर हैं। वैसे उनका प्रधानमंत्री रहने का रिकार्ड बनाने में अभी काफी समय लगेगा।उन्हें पीएम बने साढ़े 9 साल से अधिक समय हो चुका है।जबकि देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लालनेहरू 6130 दिन, इंदिरा गांधी 5829 दिन, डॉ. मनमोहन सिंह 3656 दिन,अटल बिहारी वाजपेयी 2272 दिन, राजीव गांधी1857 दिन,पी.वी. नरसिम्हा राव 2229 दिन रहे। जहां तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने की बात है तो कई नेता भी रह चुके हैं जो पहले मुख्यमंत्री थे बाद में प्रधानमंत्री बने। मोरारजी भाई देसाई 1655 दिन मुख्यमंत्री तथा 856 दिन प्रधानमंत्री रहे,पी.पी. नरसिम्हा राव 468 दिन मुख्यमंत्री तथा 1761 दिन प्रधानमंत्री रहे, विश्वनाथ प्रताप सिंह 739 दिन मुख्यमंत्री, 346 दिन प्रधानमंत्री, इस तरह सक्रिय रूप से सत्ता में 1082 दिन पद पर रहे, एच.डी. देवेगौड़ा 538 दिन मुख्यमंत्री, 324 दिन प्रधानमंत्री कुल 862 दिन, चौधरी चरण सिंह 553 दिन मुख्यमंत्री तथा178 दिन प्रधानमंत्री कुल 723 दिन रहे तो लालबहादुर शास्त्री 581,आई के गुजराल 332,चंद्रशेखर 223 तथा गुलजारी लाल नंदा 26 दिन बतौर प्रधानमंत्री रहे।वैसे नरेंद्र मोदी अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में अचानक नोटबंदी,नया जीएसटी लागू करने, कोरोना महामारी काल में करोड़ों के बेरोजगार होने, देश के आर्थिक हालात बिगड़ने , विपक्ष से अच्छे संबंध नहीं, द्वसंघीय व्यवस्था में चुनी हुई राज्य सरकारों से बिगड़ते रिश्ते,पड़ोसी देशों से अच्छे संबंध नहीं होने,अपनी ही पार्टी में एकला चलो (अमित शाह को छोड़कर) की नीति के कारण भी जाने जाते रहे हैं।

### डॉ रमन ने टिकट के लिये दबाव नहीं बनाया...?

छत्तीसगढ़ मेंअविभाजित मप्र के सीएम रहे श्यामचरण शुक्ला के बारे में कहा जाता था कि वे अपने समर्थकों को टिकट दिलाने भरपूर प्रयास करते थे,बाद में उनके बेटे अमितेश शुक्ला के लिये अपनी राजिम की सीट छोड़ दीज कारण जो भी रहा हो पर यदि छ्ग राज्य बनते समय श्यामा भैया विधायक होते तो अजीत जोगी की जगह सीएम बन सकते थे? अब दूसरे सीएम रहे मोतीलाल वोरा की बात कर लेंज वे हर विधानसभा चुनाव में अपने कुछ समर्थकों के लिये टिकट मांगते थे पर आख़री दौर में अपने बेटे अरुण वोरा के लिये ही अड़ जाते थेज समर्थकों के लिये दबाव बनाने से पीछे हो जाते थे। छ्ग के पहले सीएम, पूर्व नौकरशाह अजीत जोगी जरूर अपने समर्थकों को टिकट दिलाने अड़ जाते थे।मप्र और छ्ग में भीज पर बाद में पुत्र मोह के चलते वे इस हद तक चले गये कि उन्हें कॉग्रेस छोड़कर नई पार्टी बनाना पड़ाज उनकी पत्नी डॉ रेणु जोगी और पुत्र अमित जोगी विधायक बन चुके हैं पिछली बार तो उन्होंने अपनी बहु ऋचा जोगी को भी चुनाव समर में उतार दिया था। अब 15 साल भाजपा के लगातार सीएम बनने का रिकार्ड बनाने वाले डॉ रमन सिंह की बात कर लें.. पहले बतौर सीएम उन्होंने अपने समर्थकों को टिकट दिलवाया वहीं अपने बेटे अभिषेक सिंह को भी सांसद बनवा दिया था यह बात और है अभिषेक कि दूसरी पारी शुरू नहीं हो सकी? इस बार डॉ रमन सिंह तथा उनके भांजे विक्रम सिँह विस चुनाव लड़ रहे हैं तो उनके सीएम कार्यकाल में कलेक्टरी छोड़कर भाजपा में शामिल होनेवाले ओ पी चौधरी को टिकट मिली है तो रिटायर आईएएस नीलकंठ टेकाम को भी टिकट दिलाने में डॉ रमन की भूमिका रही पर प्रमुख सचिव पद से रिटायर गणेश शंकर मिश्रा को टिकट दिलाने डॉ साहब ने लगता है दबाव नहीं बनायाज नहीं तो छत्तीसगढ़िया फिल्म कलाकार अनुज शर्मा को टिकट नहीं मिलतीज?भाजपा के कार्यकाल में अनुज को पद्मश्री मिला, पत्नी को रविशंकर विवि में अंग्रेजी विभाग में प्राध्यापक की नौकरी मिलीज. खैर डॉ रमन के कवर्धा में वार्ड मेंबर (तब एसडी?म), डोंगरगांव से उप चुनाव में विधायक, राजनांदगांव में कलेक्टर आदि के पद पर रहे आईएएस जीएस मिश्रा,डॉ रमन सिँह के काफ़ी करीबी अफसर माने जाते हैं, उन्ही के कहने पर रिटायर होने के बाद भाजपा में शामिल हो गये पर उन्हें भाजपा ने टिकट देने के योग्य भी नहीं समझाज्जबकि जी एस मिश्रा काम करने वाले अफसर के रूप में जाने जाते रहे हैं, रायपुर निगम प्रशासक के रूप में 5000 अवैध कब्जे हटाने के कारण बुलडोजर प्रशासक कहलाते थे। राजनांड़गांव, जगदलपुर के सौन्दर्यीकरण, बाल विवाह रोकने,स्वच्छता अभियान, गाँधी के संदेश को आमजनों तक पहुँचाने,डॉ रमन के गोठ शुरू करने सहित कई राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मनित जीएस मिश्रा को स्थानीय होने के बाबजूद धरसींवा से प्रत्याशी नहीं बनाया, वहीं पहले भाटापारा, फिर बलौदाबाजार में विरोध के चलते अनुज को धरसींवा में थोप दिया गया? वैसे डॉ रमन ने भी तो जी एस मिश्रा के लिये दबाव नहीं बनाया यह तो तय है?






### भाजपा के सभी बड़े नेता प्रत्याशी तो प्रचार कौन करेगा...

भाजपा के घोषित 85 प्रत्याशियों में पूर्व सीएम, पूर्व मंत्री, भाजपा अध्यक्ष, भाजपा के 3 महामंत्री 4सांसद, एक केंद्रीय राज्य मंत्री, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सभी प्रत्याशी बनाये गये है तो क्या चुनावी केम्पन कौन सम्हालेगा, क्या बाहरी नेताज.? कुल मिलाकर आदिवासी समाज से 30अनुसूचित जाति से 10पिछड़ा वर्ग से 31प्रत्याशी है।सूची में अब तक 14महिलाओं को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। 43 ऐसे प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है जो पहली बार भाजपा के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। 50 वर्ष से कम आयु के 34 युवा प्रत्याशी हैं।भाजपा की सूची में एक तरफ जहां बड़े पैमाने पर युवा और नए प्रत्याशी हैं,वहीं अनुभवी और दिग्गज नेताओं को भी पार्टी ने मैदान में उतारा है जिसमें कुछ तो पिछला चुनाव हजारों मतों से हारे हैं इसमें रमन सरकार के 17 पूर्व मंत्री भी शामिल हैं।भाजपा ने सरगुजा से सांसद व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर सोनहत से चुनावी मैदान में उतारा गया है।वहीं सांसद गोमती साय को पत्थल गांव से मौका दिया गया है। इसके अलावा सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव लोरमी विधानसभा से मैदान पर होंगे। वहीं भाजपा के महामंत्री ओपी चौधरी, विजय शर्मा,केदार कश्यप भी शामिल हैं।जबकि पहली सूची में विजय बघेल को पाटन से मैदान में उतारा जा चुका है। मतलब चार सांसद विधायक बनने की तैयारी में हैं।अब पते की बात ये है कि चुनाव जीत गए तब तो ठीक है कि विधायक बन जायेंगे। हार गए तो निश्चित मानकर सांसद के लिए टिकट मिलना भी नहीं हैं और मांग भी नहीं सकते? मतलब बोरिया बिस्तर सिमटना तय है।



### और अब बस...

» मोदी सरकार ने गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है।
» कवर्धा और बेमेतरा में विस चुनाव में वोटों के ध्रुवीकरण की संभावना है?
» पितृपक्ष के बाद नवरात्रि में कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा होना तय है?

## गरबा की भक्ति में डूबने को तैयार हैं लोग





**रायपुर, 15 अक्टूबर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तिभाव में सराबोर युवक-युवतियों को निःशुल्क गरबा डांस की ट्रेनिंग दी गई। श्याम प्लाजा स्थित लाइफ स्टाइल फिटनेस के इस ट्रेनिंग में पांच सौ से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया। चयनित प्रतिभागियों को गरबा के पारंपररिक वेशभूषा में शहर में होने वाले विभिन्न गरबा प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया है। जिसमें उन्हें पारंपरिक गरबा रास का प्रशिक्षण शहर के गरबा एक्सपर्ट - सिद्धार्थ चौहान (स्पेशल क्लास), परमेश साहू, विशाल बघेल, हर्षा पंजवानी, अमित कुमार, सनी सोनी, करिश्मा तेता तथा सौरभ राउतकर द्वारा दिया जा रहा है । इसके आयोजकद्वय लाइफस्टाइल फिटनेस के नवीन तलवार एवं हुसैन फरिश्ता हैं।

### दो मोटरसाइकिल आपस में टकराई, एक की मौत

**रायपुर, 15 अक्टूबर।** ग्राम साखरा में दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक टीकाराम साहहू 40 वर्ष ग्राम लखना का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल शाम वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 04 एलयू 0729 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टीकाराम को टक्कर मार दिया। जिससे टीकाराम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23